देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–182 I सागर, रविवार, 20 अगस्त 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए

हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे सफाईकर्मी पृष्ठ 3

- कला किसी की बपौती नहीं है
- एक आज़ाद ख्याल अफ़साना निगार

पृष्ठ 4

- सड़क पर आवारा मवेशियों का कब्जा, राहगीर हो रहे हादसे का शिकार

पृष्ठ 6

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आगमन को लेकर हुई बैठक पृष्ठ 7

सार-समाचार

कांग्रेस ने सिर्फ नारा दिया, भाजपा ने 14 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाई

ग्वालियर, देशबन्धु। इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थी तब देश सुनता था कि गरीबी हटाएंगे। सरकारें बदलती रहीं पर गरीबी नहीं हटी, लेकिन मुझे यह कहते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल में 14 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में 1.36 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली हैं, यह बड़ी उपलब्धि है। यह बात केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज ग्वालियर में आयोजित पत्रकार-वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस नेतृत्वहीनता से कांग्रेस गुजर रही है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो उनके पास न तो विषय है और न ही कोई मुद्दा है। वो कुछ भी असत्य आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि किसी उपलब्धि पर जिक्र करना चाहते हैं तो करना चाहिए। 2003 के पहले कांग्रेस की क्या उपलब्धि थी, 2014 से पहले कांग्रेस के समय केन्द्र सरकार की क्या उपलब्धि थी, चुनाव में यह सब जनता के समक्ष परोसेंगे तो स्वस्थ प्रतिष्पर्धा होगी।

रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार मिला

मुंबई, एजेंसी। भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को शनिवार को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने दिया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में टाटा के अहम योगदान पर प्रकाश डाला गया। रतन टाटा के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां उन्हें उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह असाधारण सम्मान महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू किए गए सम्मानित पुरस्कारों की श्रृंखला में नया जोड़ा गया है।

मानवाधिकार आयोग ने कश्मीर के मुख्य सचिव को किया तलब

श्रीनगर, एजेंसी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आतंकवाद से पीड़ित की याचिका पर अगले महीने आयोग के समक्ष पेश होने के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव को समन जारी किया है। आयोग की ओर से एनएचआरसी के सहायक रजिस्ट्रार (कानून) देबिंद्र कुंद्रा ने नोटिस जारी किया। वर्ष 2020 में प्रसिद्ध कश्मीरी पंडित लेखक और कवि सर्वानंद कौल प्रेमी के पुत्र राजिंदर प्रेमी ने आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिनकी अप्रैल 1990 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। शिकायत प्रथम जम्मू-कश्मीर राज्य मानवाधिकार आयोग की डिवीजन बेंच के फैसले के कार्यान्वयन में देरी को लेकर, जम्मू-और कश्मीर राज्य में आतंकवाद प्रभावित परिवारों की दुर्दशा के प्रति सरकार की उदासीनता के संबंध में थी।

ईडी ने 24 अगस्त को हेमंत सोरेन को बुलाया

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 24 अगस्त को पेश होने के लिए बुलाया है। इससे पहले, सोरेन को 14 अगस्त को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन?होंने एजेंसी से और समय मांगा। इससे पहले अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री से ईडी के रांची कार्यालय में उनकी पत्नी समेत करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। जमीन कब्जा मामले में ईडी ने एक आईएएस अधिकारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पत्रकार हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

अररिया, एजेंसी। बिहार के अररिया जिला के रानीगंज में शुक्रवार को एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक विमल के पिता हरेन्द्र प्रसाद सिंह के बयान के आधार पर रानीगंज थाना में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दर्ज प्राथमिकी में 8 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 8 नामजद आरोपियों में से शुक्रवार की रात 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बढ़ी हुई कीमतों को लेकर सतर्क हुई सरकार

प्याज निर्यात पर लगाई पाबंदी

प्याज पर दिसंबर तक 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लागू

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने देश से प्याज के निर्यात पर पाबंदियां लगा दी है। सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और इसकी कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी का भारी-भरकम शुल्क लगा दिया गया है, जो इस साल के अंत तक प्रभावी रहने वाला है।

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर शनिवार की शाम अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में कहा गया कि सरकार ने प्याज के निर्यात पर 31 दिसंबर 2023 तक के लिए 40 फीसदी का

शुल्क लगाने का निर्णय लिया है।

भाव बढ़ने की जताई जा रही थी आशंका

सरकार ने प्याज के निर्यात पर यह पाबंदी ऐसे समय लगाई है, जब टमाटर के बाद प्याज के भाव आसमान छूने की आशंकाएं जताई जा रही थी। ऐसा कहा जा रहा था कि सितंबर से प्याज की कीमतें चढ़ने लगेंगी और आम लोगों को महंगाई के नए झटके देगी। इस आशंका के मद्देनजर पहले से अनुमान था कि सरकार प्याज के निर्यात पर रोक लगाने की दिशा में उपाय कर सकती है। प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि घरेलू बाजार में इसकी उपलब्धता बनी रहे। घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनी रहने से प्याज की कीमतें बेकाबू होने का कम जोखिम रहेगा। वहीं इसके अलावा सरकार घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बफर स्टॉक से भी प्याज निकलने वाली है।

मई के बाद से बढ़ रही है महंगाई

टमाटर, सब्जियों व मसालों के भाव में लगी आग के चलते मई के बाद फिर से महंगाई बढ़ने लगी है। जुलाई में खुदरा महंगाई की दर कई महीनों के बाद 7 फीसदी के पार निकल गई थी। हाल ही में रिजर्व बैंक ने अपने बुलेटिन में आशंका जाहिर की है कि सितंबर तिमाही में खुदरा महंगाई 6 फीसदी से ज्यादा रह सकती है, जो कि उसकी अपर लिमिट है।

भारत व चीन में मेजर जनरल स्तर की हुई वार्ता

लद्दाख में गतिरोध दूर करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख में गतिरोध दूर करने को दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) और चेसुल क्षेत्रों में मेजर जनरल स्तर की वार्ता की। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने किया।

यहां लद्दाख के देपसांग स्थित मैदान और डेमचोक क्षेत्र में जारी गतिरोध को हल करने के लिए यह वार्ता आयोजित की गई थी। सेना का कहना है कि बातचीत स्पष्ट और व्यावहारिक माहौल में हुई। दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ शेष मुद्दों के समाधान पर सकारात्मक, रचनात्मक और गहन चर्चा की। नेतृत्व द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुरूप, उन्होंने खुले और दूरदर्शी तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता हुई थी।

लगभग 3 साल से टकराव की स्थिति

लगभग तीन साल से यहां भारत और चीन की सेनाओं के बीच टकराव की स्थिति हैं। हालांकि इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों वापसी सुनिश्चित की है। इकसे बावजूद देपसांग और डेमचोक में अभी भी तनाव कायम है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा पूर्वी लद्दाख में कई स्थानों पर समझौतों का उल्लंघन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन करने के बाद पूर्वी लद्दाख में तनाव पैदा होने के बाद कोर कमांडर स्तर की वार्ता 2020 में शुरू की गई थी। भारत ने डी-एस्केलेशन की मांग की है, इसमें सभी अतिरिक्त सैनिकों और उपकरणों को एलएसी के अग्रिम क्षेत्रों में अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में वापस ले जाना शामिल है।

शाह आज जारी करेंगे राज्य सरकार का रिपोर्ट कार्ड

विकास कार्यों, उपलब्धियों और योजनाओं का रखा जाएगा ब्यौरा

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा के वरिष्ठ नेता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को भोपाल में प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। इस रिपोर्ट कार्ड में 2003 से लेकर 2023 तक भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों और योजनाओं का ब्यौरा रखा जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह रविवार को वायुसेना के विमान से दोपहर 12:05 बजे भोपाल पहुँचेंगे। वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दोपहर 12:25 से 1:25 तक गरीब कल्याण महा-अभियान के 20 वर्ष पर रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। श्री शाह दोपहर 2:40 बजे भोपाल से रवाना होकर दोपहर 3:30 बजे ग्वालियर पहुँचेंगे और यहां प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक में शामिल होंगे।

इस बैठक का शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश करेंगे। जबकि समापन शाम 4 बजे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। प्रदेश कार्य समिति की इस बैठक में प्रदेश भर के करीब डेढ़ हजार पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है।

सात तरह के वैज्ञानिक पेलोड लेकर जाएगा 'आदित्य-एल1'

चेन्नई, एजेंसी। अगले कुछ दिनों में अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन 'आदित्य-एल1 उपग्रह' सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी पेलोड देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किए गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जायेगा। इनमें सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ, अल्ट्रा-वायलेट के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेने तथा यूवी के निकट सौर विकिरण भिन्नता को भी मापने के लिए सौर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप पेलोड है।

मुख्यमंत्री ने सीहोर में खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि पूजन किया, कहा-

प्रदेश के हर गांव और हर खेत में पानी पहुंचाने का संकल्प है

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर गाँव और हर खेत में पानी पहुँचाने का हमारा संकल्प है। प्रदेश में सभी का आर्थिक सशक्तिकरण करके रहेंगे। बहनों की आमदनी कम से कम 10 हजार रुपए करने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत सर्वे कराकर पात्र लोगों को पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। अपने स्कूल में 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को स्कूटर और छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के भिलाई ग्राम में 1533 लाख 64 हजार रुपए की लागत की खजूरी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन और बारेला समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में सांसद रमाकांत भार्गव, मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, श्री कार्तिकेय चौहान, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य और जन-प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति के भाई-बहन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में पानी, सिंचाई, बिजली, सड़क की कमी थी। मैंने मुख्यमंत्री बनते ही पानी, सिंचाई, बिजली की सुविधाएँ उपलब्ध कराई और सड़कों का जाल बिछाया। नर्मदा जल, पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल से पहुँचाने का कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए की राशि डाली जा रही है। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, गाँव से बाहर पढ़ाई करने जाने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना सहित अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पहले अनुसूचित जनजाति के भाई-बहनों पर अत्याचार, अन्याय होता था। हमारी सरकार ने अनुसूचित जनजाति पर होने वाले अत्याचारों को रोका ही नहीं बल्कि राज्य सरकार विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने पैदल यात्रा निकालकर अनुसूचित जनजाति समाज में जागृति उत्पन्न करने और उनको अपना अधिकार प्राप्त करने के प्रति जागरूक किया। प्रदेश में माफियाओं से जमीन का कब्जा हटाया और गरीबों को पट्टे देने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटे-बेटियों की पढ़ाई- लिखाई में कोई कमी नहीं होने देंगे। युवाओं को स्व-रोजगार के लिए लोन दिया जा रहा है। आज गरीबों को मुफ्त में राशन, बेटियों की शादी, लाड़ली बहनों को एक हजार रुपए देने जैसी कई योजनाएँ क्रियान्वित कर लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया जा रहा है।

अलग अंदाज में नजर आए कांग्रेस नेता

राहुल ने लेह से पैंगोंग झील तक बाइक दौड़ाई

लेह, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लद्दाख की यात्रा पर हैं। कांग्रेस नेता की बाइक राइड करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को लेह शहर से सुरम्य पैंगोंग झील तक अपनी केटीएम 390 ड्यूक बाइक दौड़ाई।

इस दौरान राहुल गांधी का अंदाज एकदम अलग नजर आया। राहुल गांधी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी किया। राहुल गांधी ने लिखा कि पैंगोंग झील जा रहा हूं। मेरे पिता कहा करते थे कि ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। राहुल ने लेह, लद्दाख और पैंगोंगत्सो के हैशटैग का भी इस्तेमाल किया। कांग्रेस नेता गुरुवार को लेह पहुंचे थे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वह 25 अगस्त तक लद्दाख में रहेंगे। शुक्रवार को उन्होंने लेह में युवाओं से बातचीत की और एक फुटबॉल मैच में भी हिस्सा लिया। रविवार को राहुल गांधी अपने दिवंगत पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पैंगोंग झील पर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। बाद में वह कारगिल भी जाएंगे और वहां एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। इस साल की शुरुआत में राहुल गांधी दिल्ली की करोल बाग बाइक मार्केट पहुंचे थे। यहां पर राहुल गांधी ने जिक्र किया था कि उनके पास ड्यूक 390 बाइक है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण वह शहर में शायद ही इसे चला पाते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट को लगाई फटकार

दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात की याचिका टालने पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता की गर्भपात कराने की उसकी याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की शनिवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई टालने का आदेश 17 अगस्त को पारित किया गया था।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले में 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भ्रूच के एक मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी

- न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने की 'विशेष सुनवाई
- नवीनतम स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा

गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। अधिवक्ता ने हालांकि कहा कि, याचिका सात अगस्त को दायर कई और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को चार अगस्त को अपनी गर्भावस्था के बारे में पता चला और उसने सात अगस्त को उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष यह भी कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था। शीर्ष अदालत की पीठ ने उच्च न्यायालय का आदेश उपलब्ध नहीं होने की याचिकाकर्ता के वकील की बात पर कहा, अगर विवादित आदेश मौजूद ही नहीं है तो हम कोई आदेश कैसे पारित कर सकते हैं। इस मामले को स्थगित करने में मूल्यवान दिन बर्बाद हो गए हैं। देखिए, ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए न कि उदासीन रवैया। हमें ऐसी टिप्पणियाँ करने के लिए खेद है।

हम इसे सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि चूंकि कीमती समय पहले ही बर्बाद हो चुका है, इसलिए भ्रूच के मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर से पूछताछ के लिए केएमसीआरआई के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देते हैं और नवीनतम स्थिति रिपोर्ट कल रविवार शाम छह बजे तक इस अदालत में प्रस्तुत की जा सकती है।

बिहार में बस ने ऑटो को मारी टक्कर, 4 की मौत

पूर्णिया, एजेंसी। बिहार के पूर्णिया जिले के के नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बस और ऑटो की हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बस पूर्णिया से धमदाहा की ओर जा रही थी। इसी दौरान एथेनॉल फैक्ट्री के पास चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो को टक्कर मार दी।

धूमधाम से मनाई हरियाली तीज, सोलह श्रृंगार कर झूला झूलीं महिलाएं

सागर, देशबन्धु। भोपाल रोड स्थित एसआर हेरिटेज कॉलोनी में हरियाली तीज महिलाओं ने शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई। महिलाओं ने विधि विधान के साथ शिव पार्वती का पूजन किया और सुहागिन रहने का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सावन के मंगल गीतों के साथ झूला झूला। शुभारंभ मुख्य अतिथि कोमल मोहनानी ने किया। इसमें मेहंदी, सोलह श्रृंगार व तंबोला आदि खेलों का आयोजन किया। भारती मोहनानी, संध्या डेंगरे ने बताया कि प्राचीन समय से ही पंजाबी मिट्टी से जुड़ा तीज महिलाओं के लिए बेहद खास होती है। महिलाएं सोलह श्रृंगार करके अपने पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। इस दौरान साधना सिंह, मेघना केसरवानी, वंदना त्रिपाठी, सारिका डेंगरे, अलका डेंगरे, नेहा राय, संगीता रावत, मंगल सूद, प्रीति शर्मा आदि महिलाएं रहीं।

घर-घर जाकर लोगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की सभा में आने का न्योता दें : पचौरी

सागर, देशबन्धु। मप्र की धरती पर पहली बार पधार रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की 22 अगस्त को होने जा रही आम सभा को सफल बनाने के लिए जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव गांधी भवन में बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शिव भाटिया थे, विशेष रूप से शहर कांग्रेस प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी उपस्थित थे। अध्यक्षता जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने की। बैठक के दौरान पूर्व राष्ट्रपति एवं अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. पं. शंकर दयाल शर्मा की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा प्रदेश में नया इतिहास रचेगी उनके सागर में आगमन से जिले एवं बुंदेलखंड में आम जनता में उत्साह का माहौल देख रहा हूं। भाजपा की उन्नीस साल की सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाला यह शखनाद प्रदेश की फिजा को बदलने का काम करेगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि सागर के लोगों के लिए यह गर्व की बात है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मप्र में चुनाव अभियान का श्रीगणेश सागर से कर रहे हैं। सभी कांग्रेसी कार्यकर्त्ता का यह नैतिक दायित्व है वे अपने अपने क्षेत्र में घर घर जाकर आम जनता को राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की सभा में आने का न्योता दे। बैठक में पं संतोष पाण्डेय, कैलाश सिंघई, पं. त्रिलोकी नाथ कटारे, पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित, रमाकांत यादव, माधवी चौधरी, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, पार्षद ऋचा सिंह, रजिया खान, चैतन्य पाण्डेय, संजय रैकवार ने अपने विचार बैठक में व्यक्त किये। बैठक का संचालन आशीष ज्योतिषी ने किया। बैठक का आरम्भ राष्ट्रगीत एवं समापन राष्ट्र गान से सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे कासन देकर कराया। प्रमुख रूप से संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई, डॉ. संदीप सबलोक, रेखा चौधरी, पप्पू गुप्ता, प्रवक्ता अवधेश तोमर, शैलेंद्र तोमर, दीनदयाल तिवारी, प्रशांत समैया, कमलेश तिवारी, राहुल चौबे आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सार-समाचार

संभागायुक्त डॉ. रावत सोमवार को करेंगे मतदान केंद्रों का निरीक्षण

सागर, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम प्रचलन में है। इस हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत को मतदाता सूची का रोल ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि कमिश्नर एवं रोल आब्जर्वर सागर संभाग डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत द्वारा 21 अगस्त को विधानसभा क्षेत्र 41 सागर के मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया जायेगा एवं वर्तमान में मतदान केन्द्रों पर द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों का निरीक्षण भी किया जायेगा।

हीरापुर में घरों के बाहर लगी पानी की मोटरों की चोरी

शाहगढ़, देशबन्धु। हीरापुर बस्ती में घर के बाहर नलों में लगी पानी की मोटरों की चोरी में इजाफा होता जा रहा है, बीती रात वकील वीरेंद्र असाटी के घर के बाहर लगी मोटर अज्ञात चोर खोलकर चुरा ले गए, ऐसे ही वकील देवकुमार जैन, मनोज जैन की मोटर भी विगत दिनों चोरी हो गई लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगाए मोटर चोरी की वारदातों को रोकने और चोरी गई मोटरों के चोरी का जल्द से जल्द खुलासा करने की गांव के लोगों ने चौकी प्रभारी से मांग की है। इस संबंध में चौकी प्रभारी सूरज सिंह परिहार ने बताया कि हाल ही में एक मोटर चोरी होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जांच चल रही है, कुछ सुराग हाथ लगे हैं मोटर चोर शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

उत्कल एक्सप्रेस से पकड़ाया गांजा तस्कर

सागर, देशबन्धु। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उत्कल एक्सप्रेस से गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से साढ़े सात किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। आरोपी ओडिशा के भुवनेश्वर से गांजा लेकर दिल्ली जा रहा था। मामले में जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। रेल पुलिस के अनुसार उत्कल एक्सप्रेस में दो बैग लेकर संदिग्ध युवक के सफर करने की सूचना मुखबिर से मिली थी। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। टीम प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंची। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंची तो रेल पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताये अनुसार जगह पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया। उसके पास से दो काले रंग के बैग बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अशोक कुमार राजपूत निवासी झुग्गी नंबर 15 लोहार कैंप प्रेमनगर दिल्ली होना बताया। टीम ने आरोपी के बैग खोलकर देखे तो उनमें से गांजा बरामद हुआ। आरोपी के बैगों से साढ़े सात किलो गांजा जब्त किया गया। मामले में जीआरपी ने गांजा जब्त कर आरोपी अशोक को गिरफ्तार किया और थाने लाई। जहां पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उक्त गांजा ओडिशा के भुवनेश्वर से लेकर दिल्ली जा रहा था। मामले में आरोपी के खिलाफ जीआरपी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपी गांजा कहां से और किसके लिए लेकर जा रहा था, इसकी पड़ताल की जा रही है।

कुलपति ने दिलाई देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. सुशील काशव ने बताया कि कार्यक्रम 14 अगस्त से प्रारंभ किया गया था। प्रथम दिन 14 अगस्त को देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। द्वितीय दिन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को हाथ में मिट्टी लेकर देश की माटी के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई। गौर प्रांगण में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। वीरो का वंदन कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद्र जैन को शाल श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अंतिम दिन 18 अगस्त को सुबह 11 बजे ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में चित्रकला एवं मूर्तिकला केवल मिट्टी का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे लगभग में 50 से अधिक छात्रों ने सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान लोगों को मिट्टी से जोडने का प्रयास है। उन्होंने कहा वर्तमान में मिट्टी का उपयोग कम होता जा रहा है। पहले मिट्टी के बर्तन, खिलौने और सजावट की सामग्री का निर्माण किया जाता था। समस्त कार्यक्रम में डॉ. ललित मोहन, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. संजय शर्मा, संतोष सहगौरा, डॉ. विवेक जायसवाल मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी दिवस मनाया

सागर, देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष में श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति के तत्वधान में वरिष्ठ फोटोग्राफरों का स्वागत किया गया मधुबन गार्डन लक्ष्मीपुरा वार्ड में जिसमें पुष्प माला, श्रीफल एवं तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें सागर नगर के वरिष्ठ फोटोग्राफर उपस्थित रहे। कृष्ण नगरिया, अशोक सिंघई, गोविंद सरवैया, राजेंद्र ठाकुर, दीनानाथ पटेल, वृंदावन पटेल, गनेश प्रसाद पटेल आदि वरिष्ठ फोटोग्राफरों का सम्मान किया। जिसमें बालाजी प्रभात जन सेवा समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कोरी फोटोग्राफर, राजेश फुसकेले,लोकेंद्र ठाकुर, शैलेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

इंटरनेट, टीवी चैनलों का प्रयोग विकृति के लिए नहीं, संस्कृति के लिए करें : मुनिश्री

मकरोनिया, देशबन्धु। आज शिक्षा के बोझ से दब कर संस्कारों का दम निकल रहा है। बच्चों को संस्कार देने से पहले माता पिता को संस्कारित करना बेहद जरूरी है। जिस पानी से कीचड़ बनता है और उसी पानी से कीचड़ धुलता है यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने बताया आज संचार माध्यम से हम वासना का कीचड़ भी मचा सकते हैं और इसी से उस कीचड़ को धो भी सकते हैं। कंप्यूटर, इंटरनेट, टीवी चैनलों का प्रयोग विकृति के लिए नहीं, संस्कृति के लिए करें। आपके बेटा बेटी घर के बाहर स्कूल कॉलेज कोचिंग में क्या कर रहे हैं इसका ध्यान रखा जाना बहुत जरूरी है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा संस्कार माता पिता से ही नहीं मित्रों से भी मिलते हैं इसलिए यह ध्यान रखना आपके बच्चों की दोस्ती किन मित्रों से हैं, कहां वो उठते बैठते, खेलते, घूमते हैं। आज पश्चिमी खान-पान, पहनावा, अंग्रेजी शिक्षा, संस्थान, संस्कृति, संबंध वा संवेदनाएं दोनों छीन रही है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की आज दोपहर 1 बजे से नीति जैनत्व संस्कार विधि का कार्यक्रम श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में मुनि संघ के मंगल सानिध्य में आयोजित किया गया है। जिसमें मकरोनिया क्षेत्र के लगभग 500 बच्चों को संस्कार दिए जाने की संभावना है इसके लिए तैयारी की गई है।

चिकित्सकों की कार्यशाला का हुआ आयोजन

सागर, देशबन्धु। बंसल हॉस्पिटल अपने आगामी कार्यशाला मैकेनिकल वेंटिलेशन डीमिस्टफाइ कार्यशाला के लिए चिकित्सको आमंत्रित करते है, कार्यशाला आज 20 अगस्त को आयोजित होने जा रही है। बंसल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में चिकित्सा में मैकेनिकल वेंटिलेशन रोगी देखभाल का एक महत्वपूर्ण पहलू है और इसकी जटिलताओं को समझना चिकित्सा उपचार की उच्चतम गुणवत्ता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में डॉ. संकेत गीतमोहन लहरी सीईओ बंसल हॉस्पिटल सागर। चेयरमैन डॉ. डीएस बहारानी, सचिव डॉ. शुभा सिंघई कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल साहू। ईसी सदस्य डॉ. सुनील जैन, डॉ. मयंक चंसोरिया, डॉ. एससी जेठी, डॉ. नलिनी सिंघई, डॉ. ऋषि दावर, डॉ. रीपमाला, डॉ. संकेत गीतमोहन लहरी सीईओ बंसल हॉस्पिटल, सागर आदि उपस्थित रहेगे। मैकेनिकल वेंटिलेशन डिमिस्टिफाइड वर्कशॉप आज रविवार सुबह 09. 30 बजे से शाम 05 बजे तक ऑडिटोरियम में होगी। इनॉग्रेशन सेरमनी रविवार सुबह 10.45 से 11 बजे तक ऑडिटोरियम में होगी।

66 बीएलओ सहित 110 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी, 3 दिन में देना होगा जवाब

संतुष्टि पूर्ण जवाब न होने पर होगी निलंबन की कार्रवाई

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर जिले के समस्त ब्लॉक लेवल ऑफिसर की मॉनिटरिंग करने की निर्देश दिए गए थे। जिसके परिप्रेक्ष्य में समस्त निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मॉनिटरिंग के दौरान जिले की 110 से अधिक बीएलओ द्वारा संतुष्टि पूर्ण कार्य न करने पर उनको कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि सागर, नरयावली के 66 बीएलओ सहित जिले के 110 ब्लॉक लेवल ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। सभी 110 ब्लक लेबल ऑफिसर को तीन दिन में जवाब देना होगा। संतुष्टि पूर्ण जवाब न होने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। सर्वाधिक ब्लाक लेबल ऑफिसर नरयावली विधानसभा क्षेत्र की है। जिनमें 49 बीएलओ को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए और 3 दिन का समय दिया गया है। यदि इनका जवाब संतुष्टि पूर्ण नहीं होता है तो तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और निलंबन किया जाएगा। नरयावली विधानसभा क्षेत्र की रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय के अधिकारी विजय डेहरिया ने बताया कि जिन बीएलओ द्वारा संतुष्टि पूर्ण कार्य नहीं किया गया है। उनमें 6, 9, 11, 12, 18, 21, 24, 25, 28, 29, 30, 32, 36, 217, 228, 237, 242, 244, 245, 246, 260, 263, 268, 49, 50, 63, 67, 70, 71, 72, 78, 79, 83, 90, 98, 103, 104, 108, 126, 130, 131, 132, 139, 142, 151, 183, 186, 192, 203, 210 है। इसी प्रकार सागर विधानसभा क्षेत्र की रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सागर के 17 ब्लाक लेवल अधिकारी दो सुपरवाइजर को नोटिस जारी किए गए हैं जिनमें विजय जैन, एन के जैन, अनुपम मिश्रा, मीणा जाट, नीतू लारिया, मीना विश्वकर्मा, कमलेश दुबे, सुरेंद्र महावत, मीणा, आरती जैन, सुरेश तिवारी, माधुरी शुक्ला, कनकलता भट्ट, सरोज सोनी, वंदना पाराशर, महादेव राजपूत, अजय रैकवार, विजय कारपेंटर, ममता यादव शामिल है। खुरई अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा 66 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि बीना के 9 राहतगढ़ के दो बंडा की पांच एवं देवरी के 6 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

चालिहा में झूलेलाल को चढ़ाया सिंधी 56 व्यंजनों का भोग

सागर, देशबन्धु। सिंधी कॉलोनी में चल रहे वरुण अवतार भगवान् झूलेलाल चालीहा में श्रद्धालुजन चालीहा हाल में विजय लालवानी के भजनो और भक्ति में झूमते है। सिंधी कॉलोनी में शाम होते ही महिलाओ का आना शुरू हो जाता है। शनिवार को वरुण अवतार भगवान झूलेलाल को सिंधी 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग महिलाओ द्वारा लगाया और आरती के बाद श्रद्धालुओं को लालचंद मेठवानी, अध्यक्ष दयाराम बहरानी, उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रथ्यानी ने प्रसाद स्वरुप बांटा। इस मौके पर इनामी प्रतियोगिता हुई। बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

33 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया

सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 3 वार्डो से 33 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया, जिनमें जवाहर गंज वार्ड से कपिल यादव के 9 पशु बम्होरी गांव, इतवारी वार्ड से सेवकराम यादव के 18 पशु एवं बाघराज वार्ड से उत्तम ठाकुर कि 6 पशुओं को सलैया भेजा गया, इसके अलावा डेयरी विस्थापन दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विभिन्न वार्ड में शेष रह गई डेयरियों के विस्थापन हेतु पशुपालकों से चर्चा कर पशुओं को अतिशीघ्र शहर से बाहर शिफ्ट करने हेतु हिदायत दी।

खरगे की सभा के लिए पीले चावल देकर आमंत्रित किया

सागर, देशबन्धु। 22 तारीख को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सभा में पहुंचने के लिए रविशंकर वार्ड में युवा कांग्रेस ने पीले चावल देकर आमंत्रित किया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे, जितेंद्र चौधरी, सागर साहू, रोहित मांडले, बंटी कोरी, नीलेश अहिरवार सहित वार्ड के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

शोध का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास और विश्व कल्याण होता है : प्रो. राजपूत

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि के मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा आयोजित 14 दिवसीय ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन सत्र में कुलपति नामिनी के रूप में प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने उद्घाटन वक्तव्य दिया। मानविकी एवं समाज विज्ञान अध्ययन शाला के अधिष्ठाता और समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान देते हुए कहा कि समाज विज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य का प्रमुख उद्देश्य विषय की समृद्धि के साथ सामाजिक विकास एवं विश्व कल्याण होता है। कोई भी शोध कार्य तभी अपनी पूर्णता को पाता है जब वह समाज उपयोगिता के व्यवहारिक धरातल पर अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। परिवर्तित होती परिस्थितियों के बीच शोध की नवीन तकनीकी और उपकरणों की खोज बेहद जरूरी हो जाती है। समस्त विषयों के अध्ययन और शोध का केंद्र बिंदु मानव समाज और विश्व होता है, इसलिए सारे विषयों के शोध में समाज वैज्ञानिक अनुशासन और आत्मा को अंतर्निहित माना जा सकता है। ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन सत्र में डॉ. धर्मेन्द्र सराफ ने पाठ्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। डॉ. अभिषेक प्रजापति ने स्वागत वक्तव्य दिया। मानव संसाधन विकास केंद्र के निर्देशक प्रो. टीआर बेडरे ने दो सप्ताह के विभिन्न सत्रों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए आभार व्यक्त किया। पाठ्यक्रम में देश की विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से शिक्षक सहभागिता कर रहे हैं।

मेरी माटी मेरा देश पर केन्द्रित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का किया सम्मान

सागर, देशबन्धु। नेहरू युवा केन्द्र व शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आजादी का अमृत महोत्सव एवं मेरी माटी मेरा देश पर कार्यक्रम का आयोजन शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जैन का सांसद राजबहादुर सिंह द्वारा साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इसी क्रम में सेना के सूबेदार शरबजीत सिंह, हवलदार नकुल प्रधान, हवलदार वीरेन्द्र कुमार व सुशीला लारिया (शहीद पत्नि) का भी साल श्रीफल से सम्मान किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जैन द्वारा भी स्वतंत्रता संग्राम के अनुभवों को साझा करते हुए भावुक हो गये, इसी क्रम में विधायक शैलेन्द्र जैन ने सेनानियों को याद किया और कार्यक्रम में उपस्थित सेना के जवानों को सलाम करते हुए कहा कि, हमारे देश के सैनिक मायनस 40 से 50 डिग्री ठंड में भी हमारी और हमारे देश की सेवा करते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे नें कहा कि, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम सामान्य सा लगता है परंतु इस कार्यक्रम में हमारे देश के शहीदों व सेनानियों की यादें छुपी हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें हमेशा याद करेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सरोज गुप्ता द्वारा भी महाविद्यालय के छात्र व कैडिट्स को कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम में पंचप्रण की शपथ भी दिलाई गई व वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में सरस्वती वंदना में रेणु कठल, चारवी कठल, आभा भार्गव द्वारा प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष नितिन शर्मा, सुधीर सिंह विद्यालय के केडिट्स भारी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक बाद सफाई कर्मियों की मांगों को पूरा करने का दिया भरोसा

हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

नौगांव, देशबन्धु। विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार से चल रही सफाई कर्मियों की हड़ताल शनिवार शाम को खत्म हो गई। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सागर ने नौगांव नगर पालिका सीएमओ नीतू सिंह को सागर अटैच करते हुए परियोजना अधिकारी निरंकार पाठक को नौगांव नपा का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। प्रभारी सीएमओ निरंकार पाठक ने शनिवार को ज्वाइन करते हुए नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी सहित परिषद एवं सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधि संग बैठक कर कर्मचारियों की मांगों को परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन के पास भेजने का निर्णय लिया।

नगर पालिका परिषद के सभागार में शनिवार की दोपहर बारह बजे प्रभारी सीएमओ निरंकार पाठक, नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी, उपयंत्री आलोक जायसवाल, उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, पार्षद श्यामसुंदर अरजरिया, पार्षद ताहिर मंसूरी, पार्षद राजू बिछौले, पार्षद भारती साहू, पार्षद यूसुफ राइन, पार्षद प्रतिनिधि अमित तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद यादव, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप यादव, सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र शिवहरे सहित अन्य पार्षद एवं सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधि के साथ बैठक हुई। बैठक में सफाई कर्मचारियों की चार दिन से चल रही हड़ताल को लेकर कर्मचारी प्रतिनिधि से समन्वय स्थापित करने की कोशिश की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कर्मचारियों के सभी मुद्दों पर विचार और खुलकर बात हुई। बैठक के अंत में आगामी 25 अगस्त को होने वाली परिषद की बैठक में सफाई कर्मचारियों की 4 मांगों को पारित कर प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया। जिसमें सफाई कर्मचारी किशोरी लाल डुमार विनियमित कर्मचारी से विद्युत शाखा का कार्य कराने के दौरान मौत होने के मामले में संबंधित अधिकारी उपयंत्री पुनीत त्रिपाठी पर कार्यवाई करने

पर विचार, कर्मचारियों को कुशल एवं अर्धकुशल की श्रेणी पर रखने, कर्मचारियों के विनियमितिकरण करने एवं हटाए गए कर्मचारियों को फिर से काम पर रखने संबंधित विषयों पर आगामी 25 अगस्त को होने वाली परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित कर निर्णय के लिए राज्य शासन को भेजा जाएगा। दोपहर बारह बजे से शुरू हुई बैठक शाम 5 बजे तक चली। बैठक में मिले आश्वासन के बाद कर्मचारी हड़ताल खत्म कर काम पर लौट गए।

सीएमओ नीतू सिंह को सागर कार्यालय में अटैच करते हुए परियोजना अधिकारी निरंकार पाठक को नौगांव नपा का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। इससे पहलेशुक्रवार की शाम को हड़ताल खत्म न होने पर नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी ने सभी दलों के पार्षदों की बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्व सम्मति से सीएमओ नगर पालिका अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर सवालिया निशान उठाते हुए सफाई कर्मियों की हड़ताल के लिए जिम्मेदार ठहराया। नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक पार्षदों ने एसडीएम बलवीर रमण को ज्ञापन सौंपा था।

सीएमओ नीतू सिंह सागर अटैच, परियोजना अधिकारी को मिला प्रभार : नौगांव नपा

क्या है मामला, सफाई कर्मचारी क्यों गए थे हड़ताल पर : लंबे समय से सफाई कर्मचारी जीपीएफ फंड का भुगतान साल 2011 से 2015 तक का भुगतान न होने, विगत दिनों सफाई कर्मचारियों को काम से हटाने, ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की मौत के मामले में संबंधित अधिकारी पर कार्यवाई न होने सहित अन्य मांगों को लेकर नपा परिसर पहुंचे थे। लेकिन सीएमओ के द्वारा समस्या का समाधान तो दूर कर्मचारियों की बात पर भी गौर नहीं किया और वह अपने चैंबर से निकल घर की ओर चली गई। जिससे सफाई कर्मचारी अपने अधिकारी पर नाराज होकर उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए एक राय होकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए थे।

तीन दिन से सफाई न होने से जगह जगह लगे कचरे के ढेर : नगर पालिका परिषद परिसर में बुधवार दोपहर के वक्त एकाएक सफाई कर्मचारी सीएमओ के विरोध में आए और सुनवाई न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। अपनी समस्याओ को लेकर नगर पालिका गए थे लेकिन जब सीएमओ नीतू सिंह ने उनकी समस्या सुने बगैर अपने बंगले की ओर चल दी तब सफाई कर्मचारियों में असंतोष और बढ़ गया जिसके चलते सफाई कर्मचारी काम बंद कर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले गए। जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि एवं नपा सीएमओ नीतू सिंह सहित किसी ने भी सफाई कर्मियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया। जिसका नतीजा यह हुआ कि सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते तीन दिन से शहर में कचरा वाहन बंद हैं। कचरा वाहन बंद होने एवं साफ सफाई न होने से शहर में जगह जगह कचरे के ढेर लगे हैं। गली मोहल्लों की सड़कों में कचरे के अंबार देखे जा सकते हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को नपा परिषद एवं नपा प्रशासन ने इसको सुलझाने का प्रयास नहीं किया।

हड़ताल खत्म न होने पर शुक्रवार की दोपहर नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी ने सभी दलों के पार्षदों की बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्व सम्मति से सीएमओ नगर पालिका अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर सवालिया निशान उठाते हुए सफाई कर्मियों की हड़ताल के लिए जिम्मेदार ठहराया। नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक पार्षदों ने एसडीएम बलवीर रमण को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा परिषद् के चयनित जनप्रतिनिधियों से किसी भी प्रकार का मौखिक अथवा लिखित समन्वय नही बनाती है, एवं सफाई द्वारा जो आवेदन दिया गया था उसे भी लेने से मना कर दिया गया।

सार समाचार

त्यौहार के दिन मंदिर में छाया था अंधेरा



खजुराहो, देशबन्धु। नगर परिषद के खर्रोही में बिहारी जू मंदिर की बिजली सप्लाई पिछले कई दिनों से खराब थी, विगत रोज त्यौहार के मौके पर मंदिर के पुजारी ने निकाय अध्यक्ष अरुण अवस्थी को समस्या से अवगत कराया जिसके बाद उन्होंने तत्काल परिषद के कर्मचारी आदित्य सिंह परमार को सुधार कराने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद महज एक घंटे में सुधार कार्य हो गया। पुजारी ने अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

समाज में समरसता से ही भारत का भाग्योदय होगा

छतरपुर, देशबन्धु। जिले में स्नेगह यात्रा के तृतीय दिवस ग्राम बिहाटा से शुभारंभ हुआ जहां यात्रा के प्रमुख संत अंबुजाक्ष प्रभु, इस्कोन छतरपुर के सान्निध्यम में मंत्रोच्चाजर के मध्यक शुभारंभ हुआ। दिनांक 19 अगस्त् को प्रथम खण्ड् में बिहाटा, रामपुर, सीगौन, हिलगुवां, से निकली दोपहर 2.50 पर स्नेमह यात्रा ग्राम ईशानगर में पहुंची जहां दोपहर सह भोज एवं सत्संसग का आयोजन स्था नीय लक्ष्मीरनारायण मंदिर परिसर में किया गया जिसमें समस्ते क्षेत्रवासी बड़े उत्सायह के साथ शामिल हुये।

स्नेरह यात्रा के द्वितीय चरण में ग्राम पठादा, बौड़ा, सलैया, अचट्ट, बंधी पहुंची जहां मंगल कलश, एवं भजन से स्नेषह यात्रा का स्वा्गत किया गया। स्नेह यात्रा में सभी लोगों से मिलकर उन्हें तिलक और स्नेह सूत्र बांधा। स्नेह यात्रा में स्वामी जी द्वारा सद्भाव एवं समरसता पर अपने उद्गार व्यक्ति किये उन्होंने कहा कि समाज में समरसता से ही भारत का भाग्योरदय होगा इसलिये सबको एक साथ-साथ चलने साथ-साथ कार्य करने एवं साथ-साथ विकास करने की आवश्यकता है।

सहकारिता कर्मचारियों ने शुरू की कलमबंद हड़ताल

छतरपुर, देशबन्धु। अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग को लेकर म.प्र. संयुक्त सहकारी समिति (पेक्स) कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सहकारिता कर्मचारियों ने शनिवार से कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। सहकारिता कर्मचारी शहर के चौबे तिराहा पर पंडाल लगाकर हड़ताल पर बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि यह प्रदेश व्यापी हड़ताल सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में की जा रही है।

महासंघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार अवस्थी ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व जब कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया तथा तब सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करने का भरोसा दिया था लेकिन आज तक उनकी एक भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है, जो कि प्रदेश के 55 हजार कर्मचारियों के साथ धोखा है। कर्मचारियों का कहना है जब तक सरकार उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं करती तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सहकारिता कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से ऋण वितरण, वसूली, खाद-बीज वितरण, फसल बीमा एवं उचित मूल्य की दुकानें, खाद्यान्न वितरण आदि कार्य प्रभावित होंगे। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि आने वाली 22 अगस्त को सभी कर्मचारी भोपाल में एकत्रित होकर जंगी प्रदर्शन करेंगे।

पत्रकार को झूठे मामले में फंसाने का आरोप

- जाँच की मांग को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

छतरपुर, देशबन्धु। शहर की सिविल थाना पुलिस द्वारा पिछले दिनों की गई एक कार्यवाही में दो युवकों को लूट की वारदात को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अब इस मामले में एक युवक की बहन ने पुलिस पर द्वेष भावना के चलते कार्यवाही करने और उसके साथ मारपीट कर अमानवीय कृत्य करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को इस आशय का शिकायती आवेदन पत्र भी पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया है, जिसके बाद एसपी ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिया है।

आवेदन देने आई महिला ने बताया कि उसका नाम सुनीता तिवारी है और वह बिजावर थाना क्षेत्र के ग्राम जसगुवांखुर्द की रहने वाली है। सुनीता तिवारी के मुताबिक उसका भाई मिंटू उर्फ दिनेश दुबे छतरपुर में रहकर एक मीडियाहाउस के लिए रिपोर्टिंग का काम करता था। पिछले दिनों मिंटू ने सिविल लाइन थाना पुलिस के एक भ्रष्टाचार को उजागर किया था जिससे सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू उससे नाराज थे। सुनीता के मुताबिक विगत 8 अगस्त को मिंटू अपना कामकाज निपटाकर रात करीब 10 बजे ढाबा पर खाना खाने जा रहा था तभी सिविल लाइन थाना पुलिस उसे पकडक़र थाने ले गई और इसके बाद लूट के मामले में शामिल होने का आरोप लगाकर उसे जेल भेज दिया। सुनीता ने बताया कि गत रोज जब वह अपने भाई मिंटू दुबे से मिलने जेल गई थी, जहां मिंटू ने उसे पुलिस द्वारा बुरी तरह मारपीट किए जाने, गलत ढंग से जाति को संबोधित कर अपमानित करने और अमानवीय कृत्य किए जाने की जानकारी दी। सुनीता ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को इस आशय का आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। एसपी अमित सांघी ने सुनीता से मुलाकात कर उसका पक्ष सुना और जल्द से जल्द मामले की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक दोषी पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

खजुराहो विमानतल पर सीएम का स्वागत करने के बाद की चर्चा

केन-बेतवा परियोजना से प्रभावित किसानों के लिए मुख्यमंत्री से मिले विधायक

छतरपुर, देशबन्धु। गत दिवस पन्ना जिले के गुनौर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान का बिजावर विधायक ने आत्मीय स्वागत किया और इसी दौरान केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित हो रहे अपनी विधानसभा क्षेत्र के किसानों की समस्या और मांग से अवगत कराया।

विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बताया कि खजुराहो विमानतल पर मख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुष्पहारों से स्वागत करने के बाद अल्प समय में उन्हें केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित हो रहे बिजावर विधानसभा क्षेत्र के गांवों के किसानों की समस्याओं और उनकी मांगों से अवगत कराया ओर मुख्यमंत्री से प्रभावित किसानों को विशेष पैकेज तथा उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने विधायक श्री शुक्ला से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार सदैव किसानों के हित में निर्णय लेती है।

उन्होंने भरोसा दिलाया है कि किसी भी प्रभावित किसान के साथ अन्याय नहीं होगा और उन्हें नुकसान के बदले भरपूर मुआवजा और विशेष पैकेज दिलाया जएगा। सीएम के इस आश्वास हेतु विधायक श्री शुक्ला ने उनका आभार भी जताया है।

अजाक्स के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस से की दावेदारी

छतरपुर, देशबन्धु। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के पूर्व जिलाध्यक्ष 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए हैं और इसके बाद उन्होंने चंदला विधानसभा में कांग्रेस से दावेदारी करते हुए टिकिट की मांग की है। इस हेतु उन्होंने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और अरुण यादव से मुलाकात कर अपना बायोडाटा सौंपा है। उल्लेखनीय है कि केडी अहिरवार पिछले दो दशक से अजाक्स संगठन के बैनर तले गरीब एवं शोषित वर्ग के लिए काम करते आ रहे हैं। पिछले दिनों चंदला विधानसभा के दौरे पर आए कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव से उन्होंने मुलाकात कर उन्हें टिकिट देने का आग्रह किया, जिस पर उन्होंने टिकट का आश्वासन देकर क्षेत्र भ्रमण करने की सलाह दी।

भाजपा नेता घासीराम की कावड़ यात्रा आज से

लवकुशनगर, देशबन्धु। दिग्गज भाजपा नेता घासीराम पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष की अगुवाई में दो दिवसीय कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आगाज यानि कि कल 20 अगस्त को होगा। यात्रा के आयोजक घासीराम पटेल ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, मातृशक्ति और शहरवासियों से यात्रा में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

आयोजक घासीराम पटेल ने संयुक्त रूप से मीडिया को आयोजन की बिंदुवारा जानकारी देते हुए बताया कि आज रविवार यानि की 20 अगस्त को ज्योराहा के भुगरा बाबा परिसर से सुबह 11 बजे कांवड़ यात्रा खजुराहो के मतंगेश्वर धाम के लिए रवाना होगी। यहां से दो दिन तक पदयात्रा करते हुए सभी लोग मतंगेश्वर धाम पहुंचेंगे, जहां भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और पूजा-अर्चना की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन राजनैतिक नहीं है, श्रावण के पवित्र माह में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी वारिश की कामना को लेकर हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। उसी श्रंखला में इस वर्ष भी यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों शिवभक्त शामिल होंगे।

वृक्षा रोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

लवकुशनगर, देशबन्धु। सिचाई कालौनी दुर्गा मंदिर में बजरंगदल पदाधिकारियो एवं कार्यकताओ ने वृक्षा रोपण किये। दुर्गा मंदिर परिसर में करीब 2 दर्जन वृक्षो को रोपा गया जिसमें फलदार और छांव देने वाले वृक्षो को लगाया गया। बजरंगदल प्रखंड सह संयोजक नगर नितिन द्विवेदी के जन्म दिवस के अवसर पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओ ने वृक्षा रोपण कर जन्म दिवस मनाया। बजरंग दल विभाग सह संयोजक छतरपुर जीतेन्द्र शर्मा ने कहाँ कि सभी को अपने जन्म दिवस या फिर कोई उपलब्धि मिलने पर हम वृक्ष लगाकर खुशियां मनाना चाहिये। बजरंगदल के कार्यकर्ताओ ने निश्चित किया है कि जन्म दिवस के अवसर पर वृक्ष लगाकर जन्म दिवस मनाये। जीतेन्द्र शर्मा ने कहाँ कि वृक्षो के होने से ही हमारा जीवन सुरिक्षत है इसलिये सभी को वृक्ष अवश्य लगाना चाहिये। प्रखंड सह संजोजक नितिन द्विवेदी ने जन्म दिवस पर वृक्षो को लगाकर लोगो से अपील कि है कि हमारा पर्यावरण वृक्षो के होने से ही शुद्व और साफ रहेगा, तभी हमारा शरीर स्वस्थ्य रहेगा। सभी बजरंगदल कार्यकर्ताओ दुर्गा मंदिर परिसर की साफ सफाई कर वृक्षा रोपण किया और लोगो से अपील की अपने जन्म दिवस पर एक वृक्ष अवश्य लगाये। बृद्धा आश्रम में पहुँच कर वृद्धो के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और वृद्धो को फल इत्यादि सामग्री वितरित की । इस मौके पर जीतेन्द्र शर्मा, नितिन द्विवेदी, दीपक द्विवेदी, अरुण गुप्ता एवं वरिष्ट पत्रकार सुशील द्विवेदी, आशीष अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्राकृतिक चिकित्सा के लिए किया प्रेरित



छतरपुर, देशबन्धु। समीपी जिला पन्ना के मुख्यालय में तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा दी गई और उन्हें प्राकृतिक चिकित्सा का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

नीलांचल प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केंद्र के संचालक डॉ दिनेश मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद की प्रांतीय इकाई व उनके संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में छत्रसाल बाग पन्ना में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर लगाया गया। स्थानीय संयोजक यादवेंद्र सिंह बुंदेला का विशेष सहयोग रहा। तीन दिवसीय शिविर के माध्यम से महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों को प्राकृतिक तरीके से उपचार देते हुए उन्हें बताया गया कि अपने आसपास की उपलब्ध वस्तुओं के माध्यम से ही रोगों को ठीक किया जा सकता है। मिट्टी पट्टी, एनिमा, कटि स्नान, ठंडी गर्म पट्टी, चादर लपेट, फुटबाथ आदि विधियों से रोगियों का उपचार किया गया। प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से कैंसर मधुमेह बांझपन मिर्गी अवसाद गठिया अपर अमृता कब्ज साइटिका माइग्रेन जैसे रोगों का उपचार किया गया। चिकित्सकों में डॉ दिनेश मिश्रा, डॉ मलखान सिंह, डॉ अरुणा सिंह परमार, डॉ राजेंद्र गुप्ता, श्रीमती सपन सिंह बुंदेला आदि ने उपचार दिया। शिविर में पन्ना के अलावा हरदुआ, सलेहा, मोहनपुरा से भी आए रोगियों ने इलाज लिया।

अखण्ड रामधुन के समापन पर हुआ भण्डारे का आयोजन

लवकुशनगर, देशबन्धु। *सिचाई कालौनी दुर्गा मंदिर में पिछले 20 वर्षो से लगातार एक माह की अखण्ड रामधुन जिसके समापन में भण्डारे का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। दुर्गा माता मंदिर में बीते एक माह से अखण्ड रामधुन चल रही है जिसमें अनेको गाँवो से दूर दूर से लोग अखण्ड रामधुन करने आते है। रामधुन में पिछले एक माह से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में पुरुष, महिलाये इसमें हिस्सा लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रही। एक माह की अखण्ड रामधुन के समापन के बाद शनिवार को समापन में विशाल भण्डारा एवं कन्या भोज का आयोजन हुआ। शनिवार को समापन में विधिवत् मंत्रोच्चारण वैदिक परंमपरा के साथ हवन पूजन पूजा पाठ हुई यज्ञ हुआ। समापन के अवसर पर सुबह करीब 9 बजे से कन्या भोज*

का प्रारंभ हुआ इसी के साथ भण्डारे का आयोजन चालू हुआ जिसमे करीब 1 सैकड़ो गाँवो से महिलाये, पुरुष भण्डारे में आकर शामिल हुये और प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में पूरे नगर की कन्याओ का कन्या भोज हुआ। इस विशाल भण्डारे का आयोजन, आयोजन समिति प्रतिवर्ष दुर्गा माता मंदिर में आयोजन करवाती है। इस आयोजन में पूरे नगर का विशेष सहयोग रहता है। विशेष रुप से सिचाई कालौनी के युवाओ, महिलाओ का सहयोग रहता है। भण्डारे में विशेष तौर पर देखा गया कि पुरुष और महिलाओ के अलग अलग ग्राउण्ड के साथ उनको प्रसाद देने के लिये महिलाएं पुरुषो को अलग अलग प्रसाद दिया गया। विशाल भण्डारा सुबह से प्रारंभ होकर खबर लिखने देर शाम तक निरंतर चलता रहा। भण्डारे में कार्यकर्ताओ ने जमकर मेहनत और लगन से कार्य किया।

साहित्य

साक्षात्कार

कला किसी की बपौती नहीं है

छायाकार राजकिशन नैन से अशोक बैरागी की बातचीत

एक जमाने में 'धर्मयुग', 'सारिका', 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'कादम्बिनी', 'रविवार' और 'मनोरमा' जैसी सुविख्यात पत्रिकाओं में राजकिशन नैन के सचित्र लेख और फोटो फीचर वर्षों तक निरंतर प्रकाशित हुए हैं। गाँव की भाषा, संस्कृति, रहन-सहन और कृषि संस्कृति की जड़े इनके भीतर में बहुत गहरे तक समाई हुई हैं। गाँव की नैसर्गिक संपदा से ओतप्रोत इनके अधिकांश चित्र लोग-बाग, पशु-पखेरू, बाग-बगीचों, खेत-खलिहान और पर्व-त्यौहार से जुड़े हैं। इनके खूबसूरत चित्र देखकर हर कोई आह्लाद से भर उठता है। प्रस्तुत है, उनकी फोटोग्राफी कला पर हुई बातचीत के संपादित अंश।

■ अशोक बैरागी

■ **अशोक बैरागी- गाँव-देहात और उसकी संस्कृति से जुड़े अनगिनत चित्र आपने खींचे हैं। एक सुन्दर चित्र को आप कैसे परिभाषित करेंगे?**

राजकिशन नैन - प्रकृति की गोद में बसे गँवई-गाँव के मनभावन सौंदर्य में जो अपूर्व कशिश है, उसे लाख चाहकर भी कैमरे की परिधि में नहीं लाया जा सकता। गँवई चित्रों में जो अनुपम लयात्मकता है, उसे शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता। पर चूँकि बचपन से ही गाँव मेरे उपास्य रहे हैं, इसलिए मेरे चित्र वहीं की आँचलिक गरिमा को दर्शाते हैं। सुंदर चित्र को हमारे जीवन की तरह विराट और जीवंत होना चाहिए।

■ **अशोक बैरागी - आप गाँव से होकर भी कला के इस मुकाम तक कैसे पहुँचे?**

राजकिशन नैन - कला किसी की बपौती नहीं है। अपनी मेहनत और अभ्यास के बूते पर गाँव या शहर का कोई भी व्यक्ति कला के काम में पारंगत हो सकता है। छायांकन कला के प्रति गहन अभिरुचि, घुमक्कड़ी का चाव और देहाती दुनिया का अद्भुत, अनखुला और अनचीह्ना आकर्षण मुझे यहाँ तक खींच लाया है।

■ **अशोक बैरागी - गाँव में शुरू-शुरू में आपने किन विषय के चित्रों पर हाथ आजमाया?**

नैन साहब - जहाँ तक मुझे याद पड़ता है कि अपना पहला चित्र मैंने गाँव की एक पनिहारी का खींचा था, जो हमारे गाँव के बूढ़े कुएँ के पारछे में खड़ी हुई डोल से पानी खींच रही थी। तदुपरांत मैंने एक ग्वाले का चित्र खींचा था, जो गाय का दूध दुहने के बाद बछड़े को उसकी माँ के थन चुँघा रहा था। उन्हीं दिनों मैंने हमारे गाँव के रौळी सरोवर में भैंस की पूँछ पकड़कर तैरते हुए कुछ बच्चों के चित्र भी खींचे थे।

■ **अशोक बैरागी - आपने जीवन में पहली बार कैमरा कब पकड़ा? वह कौन-सा कैमरा था?**

नैन साहब - सन् 1971 के जून माह में मैंने कैमरा पकड़ा। तब मैंने शिमला स्थित तारादेवी नामक जगह को बेस बनाकर पहाड़ी परिवेश के चित्र खींचे थे। कैमरा क्लिकथर्ड था

■ **अशोक बैरागी - सुंदर चित्र खींचने के लिए किस तरह के कौशल की जरूरत पड़ती है?**

नैन साहब - सच बात तो यह है कि अच्छे चित्र के लिए प्रकाश और छाया के अंतर को समझने और उनके अनुरूप खास अवसरों को पकड़ने का सतत अभ्यास करना पड़ता है। विद्या और हुनर की तरह फोटोकारी की कला भी संयोग, लगन और धैर्य से हमारे जेहन में आती है। जबकि जल्दबाजी से बना बनाया काम बिगड़ता है।

■ **अशोक बैरागी - आपने छायांकन के लिए गाँव को ही क्यों चुना? जबकि चित्रों से जुड़ी बहुत सारी बढ़िया चीजें तो नगरों और शहरों में भी खूब मिलती हैं?**

नैन साहब - मैं बड़भागी हूँ कि मेरे जैसे गँवई व्यक्ति को सर्वोच्च सत्ता ने देहाती दुनिया की फोटोग्राफी के लिए चुना। जहाँ तक तुम्हारे सवाल की बात है, आँखें खोलने के बाद मैं गाँव की बेपनाह खूबसूरती, पुरखों के पारंपरिक और श्रमसिक्त संस्कारों की वजह से जिंदा हूँ। ग्रामधरा की सोहन संस्कृति के सुंदर चित्र उतारने की लालसा मुझमें बचपन से ही है। गाँव को बिसारकर मैं एक क्षण के लिए भी जीवित नहीं रह सकता।

■ **अशोक बैरागी - आपका खींचा हुआ पहला फोटो किस पत्रिका में छपा था और वह किसका चित्र था?**

नैन साहब - मेरा पहला फोटो दो वृद्धों का चित्र था, जो 'जूम फोटो% नामक अंग्रेजी पत्रिका में 15 जून, सन् 1981 में छपा था। इस पत्रिका का संपादन अपने जमाने की मशहूर शख्सियत सादिया देहलवी करती थी।

■ **अशोक बैरागी - आजकल डिजिटल और मिरर लैस कैमरों का बोलबाला है। बाजार में उनके आने से फोटोग्राफी की विधा में क्या बदलाव आए हैं?**

नैन साहब - डिजिटल कैमरों के आने से तकनीक के बदलाव में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। वक्त के साथ कैमरे बदलते रहे हैं। सबसे पहले इंग्लैंड से कैमरे आए। इसके बाद कैमरे जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका से आयातित होने लगे। इस तरह एक के बाद एक बदलाव होते रहे। नयी तकनीक और नए कैमरे फोटोग्राफी की विधा के लिए बेहद अनुकूल और उपयोगी हैं। इस विधि से फोटो का जटिल काम बहुत सहज और सुगम हो गया है। इस विज्ञान के आने से एक सेकंड के हजारवें हिस्से में फोटों खींचकर दुनिया के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचायी जा सकती है। हमारे रोजमर्रा के कार्यों में इस प्रविधि का जो प्रसार हुआ है, वह स्वागत योग्य है।

■ **अशोक बैरागी - आपने तस्वीरें खींचते समय किस तरह के जोखिम उठाए हैं?**

नैन साहब - देखिए, सुंदर चित्रों के लालच में मुझे कई बार मौत तक के जोखिम उठाने पड़े हैं। फोटोग्राफी मेरी अस्मिता और मेरे अस्तित्व की सबसे बड़ी पूँजी है। सुंदर चित्रों की चाह में मुझे कदम-कदम पर विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। डीग (भरतपुर) राजस्थान के किले की फोटोग्राफी करते हुए मैं साठ फुट गहरे कुएँ में जा गिरा था। एक बार फूलों की घाटी की ओर जाते हुए एक ग्लेशियर से फिसलकर मैं अलकनंदा नदी में डूबते-डूबते बचा था। सांपों, बिच्छुओं, कानखजूरों, कछुओं, मधुमक्खियों, भिरड़ों और तत्तियों आदि से भी मेरा सामना होता रहता है। बाहरी प्रदेशों में काम करते समय कई ऐसे डरावने हादसों से गुजरना पड़ा है, जिन्हें याद करके आज भी शरीर में सिहरन दौड़ जाती है। मेरी दिली इच्छा है कि इस संसार से जाते समय मेरे हाथ में कैमरा हो तथा घर से दूर कहीं चित्र खींचते हुए मौत एकाएक मुझे अपने आगोश में ले ले।

■ **अशोक बैरागी - कला का काम करने की एवज में जो सम्मान-पुरस्कार वगैरह मिलते हैं, उनके बारे में आपकी क्या राय है?**

नैन साहब - किसी भी सम्मान की बनिस्पत मेरे काम की अहमियत ज्यादा है। पुरस्कारों की अपनी राजनीति है। मूल्यहीन राजनीति के इस दौर में सच्चे कलाकार को अपने काम की एवज में सम्मान की इच्छा रखना बेमानी है। कलाकारों से सम्मान के लिए फार्म भरवाने जैसी कागजी औपचारिकताएँ पूरी करवाना उनका और उनकी कला का गला घोटने के समान है। मेरा मानना है कि कला से जुड़े खास लोगों के काम को भावी पीढ़ियों के लिए संग्रहित, संरक्षित और प्रदर्शित करके भी उनका कद बढ़ाया जा सकता है।

■ **अशोक बैरागी - आजकल अखबारों और पत्रिकाओं में कलात्मक चित्रों के लिए कितनी गुंजाइश है?**

नैन साहब - पहले तमाम अखबारों में चित्रों के लिए भरपूर जगह रहती थी लेकिन अब अखबारों में वैसे चित्र नहीं छपते। चित्रों को अधिकाधिक स्थान देने वाली तमाम पत्रिकाएँ कभी की बंद हो गई। मोबाइल में कैमरे आने के बाद कला छायांकन का काम संकट में पड़ गया है। मोबाइल फोटोग्राफी के अनियंत्रित विस्तार ने उत्कृष्ट एवं कलात्मक छायांकन को एक बारगी ही हाशिये पर धकेल दिया है। अब कला मिशन न होकर व्यवसाय बन गई है किंतु मेरी दृष्टि में कला व्यवसाय की वस्तु नहीं है। दरअसल यह हमारी सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आत्मिक सुख के लिए है।

एकांकी

पनीर लेते आना

■ डॉ. रीना सिंह

पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, हां बोलो।
पति- कहां हो ?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं। बोलो क्यों फोन किया?
पति- श्यामनाथ फूफा का फोन आया था।
पत्नि- कौन श्यामनाथ फूफा?
पति- वहीं जिनका बेटा अमेरिका में इंजीनियर है।
पत्नि- हां तो क्या बोले?
पति- बोले किसी काम से मुंबई आ रहे हैं। हमारे यहां तीन-चार दिन रुकेंगे।
पत्नि- क्या? हेलो, हेलो, हेलो..
पति- हेलो, हां आवाज नहीं आ रही क्या?
पत्नि- हेलो, हेलो, हेलो..
पति- मुझे आ रही है तुम्हारी आवाज। फूफा आ रहे हैं सुनाई दिया। उनका खाना बना देना।
पत्नि- हेलो, हेलो।(फोन कट)
पति- अरे कट हो गया! फिर लगाता हूं।
पति- हेलो, हेलो, हेलो
पत्नि- हेलो, हेलो।(फोन कट)
(शाम को सात बजे पति फूफा के साथ लिफ्ट में आते हुए)
पति- ट्रेन लेट हो गई थी?
फूफा- हां एक स्टेशन पर डेढ़ घंटा रुक गई।
पति- कोई बात नहीं। आप आराम से यहां रुकिए। अच्छा लगता है। नहीं तो कितने सालों
तक मुलाकात ही नहीं होती।
फूफा- हां आजकल सभी की व्यस्तताएं बढ़ गई हैं।
(पति दरवाजे की घंटी बजाता है। 16 वर्षीय लड़का सोहम दरवाजा खोलता है।)
पति- फूफा जी के पैर छुओ।
सोहम- प्रणाम फूफा जी।
फूफा- खुश रहो।
पति- मां कहां है?
सोहम- उनकी तबीयत ठीक नहीं है। सोई हैं।
पति- फूफा जी आप बैठिए मैं देखता हूं।
फूफा- बेटा रहने दो, बहू को आराम करने दो।
(पति बेडरूम से वापस लौटता है।)
पति- सोहम बाजार से खाना मंगा देना, पर्स में पैसे हैं ले लेना।
सोहम- जी पापा।
(दूसरे दिन सुबह आठ बजे)
फूफा- बेटा मैं निकलता हूं। आज ही अचानक से बुला लिया है मैनेजर ने। उनसे मिलकर आ
जाऊंगा।
पति- ठीक है फूफा, मैं इंतजार करूंगा, प्रणाम।
(श्यामनाथ लौटकर नहीं आते। दो हफ्ते बादः.)
पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, बोलो।
पति- कहां हो?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं ।
पति- तुम्हारे दिल्ली वाले भैया का फोन आया था, आज शाम को आ रहे हैं।
पत्नि- सच! सुनो थोड़ा जल्दी आ जाना और आते समय एक किलो काजू कतरी और आधा
किलो पनीर लेते आना।

ग़ज़ल

मैं ख्याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है

■ सलीम कौसर

मैं ख़याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है
सर-ए-आईना मिरा अक्स है पस-ए-आईना कोई और है
मैं किसी के दस्त-ए-तलब में हूँ तो किसी के हर्फ़-ए-दुआ में हूँ
मैं नसीब हूँ किसी और का मुझे माँगता कोई और है
अजब एतिबार ओ बे-एतिबारी के दरमियान है ज़िंदगी
मैं क़रीब हूँ किसी और के मुझे जानता कोई और है
मिरी रौशनी तिरे ख़द्-ओ-ख़ाल से मुख़्तलिफ़ तो नहीं मगर
तू क़रीब आ तुझे देख लूँ तू वही है या कोई और है
तुझे दुश्मनों की ख़बर न थी मुझे दोस्तों का पता नहीं
तिरी दास्ताँ कोई और थी मिरा वाक़िआ कोई और है
वही मुंसिफ़ों की रिवायतें वही फ़ैसलों की इबारतें
मिरा जुर्म तो कोई और था प मिरी सज़ा कोई और है
कभी लौट आएँ तो पूछना नहीं देखना उन्हें ग़ौर से
जिन्हें रास्ते में ख़बर हुई कि ये रास्ता कोई और है
जो मिरी रियाज़त-ए-नीम-शब को 'सलीम' सुब्ह न मिल सकी
तो फिर इस के मअनी तो ये हुए कि यहाँ ख़ुदा कोई और है

संदर्भ : 21 अगस्त, अफ़साना निगार इस्मत चुग़ताई का जन्मदिवस

एक आज़ाद ख्याल अफ़साना निगार

■ ज़ाहिद ख़ान

सूचे भारतीय उपमहाद्वीप में इस्मत चुग़ताई का नाम किसी तआरुफ़ का मोहताज नहीं। वे जितनी हिंदोस्तान में मशहूर हैं, उतनी ही पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी। उनके चाहने वाले यहां भी हैं और वहां भी। आज भी उर्दू और हिंदी दोनों ही ज़बानों में उनके पाए की कोई दूसरी कथाकार नहीं मिलती। इस्मत चुग़ताई ने उस दौर में स्त्री-पुरुष समानता और इन दोनों के बीच ग़ैर बराबरी पर बात की, जब इन सब बातों पर सोचना और लिखना भी मुश्किल था। अपने ही घर में मज़हब, मर्यादा, झूठी इज़्ज़त के नाम पर ग़ुलाम बना ली गई, औरत की आज़ादी पर उन्होंने सख़ूती से क़लम चलाई। उन्होंने उन मसलों पर भी क़लम चलाई, जिन्हें दीगर साहित्यकार छूने से भी डरते और कतराते थे। इस्मत चुग़ताई के लेखन में धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता का हमेशा ज़ोर रहा। अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता, साम्प्रदायिकता, सामंती प्रवृतियों, वर्गभेद और जातिभेद का उन्होंने ज़मकर विरोध किया।

इस्मत चुग़ताई का दौर, वह ज़माना था जब उर्दू अदब में सआदत हसन मंटो, कृश्न चंदर, राजिंदर सिंह बेदी, ख़्वाजा अहमद अब्बास जैसे चमकदार लेखक अपनी लेखनी से हंगामा बरपाए हुए थे। इन सबके बीच अपनी जगह बनाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन इस्मत चुग़ताई ने न सिर्फ़ इस चुनौती को स्वीकार किया, बल्कि अपनी एक अलग पहचान भी बनाई। उनकी सोच अपने समय से काफ़ी आगे थी। लिहाफ़' वह कहानी है, जिसने इस्मत चुग़ताई को एक साथ शोहरत दी, तो बदनामी भी। महिलाओं के बीच समलैंगिकता के बोल्ड मुद्दे पर लिखी गई यह हंगामेदार कहानी, उस दौर की मशहूर पत्रिका 'अदबे लतीफ़' में शाया हुई। उसी वक़्त इस्मत चुग़ताई का एक अफ़साने का मजमूआ आ रहा था, तो यह कहानी किताब में भी छप गई। परंपरावादी मुस्लिम समाज इस कहानी को पढ़कर भड़क उठा। कुछ आलोचकों और शुरफ़ा (शरीफ़ों) ने बरतानिया हुकूमत का तवज्जोह इस कहानी की तरफ़ कराया और सरकार से मांग की, ''कहानी नैतिकता के ख़िलाफ़ है, लिहाज़ा सरकार इस कहानी को ज़ब्त कर ले।'' बहरहाल, कहानी के ख़िलाफ़ अख़बारों—मैगज़ीनों में मज़मून निकले और अदबी और ग़ैर अदबी महफ़िलों में इस पर गर्मा—गर्म बहसें होतीं। इस अफ़साने की मुख़ालफ़त में पत्रिका के एडिटर और ख़ुद उनके पास इतने ख़त आए कि एक वक़्त, तो वे और उनके पति शाहिद लतीफ़ परेशान हो गए।

फ़हाशी (अश्लीलता) के इल्ज़ाम में मंटो और इस्मत चुग़ताई दोनों पर अदालत में मुक़दमे चले। यहां तक कि उन दोनों की गिरफ़्तारी भी हुई। लाहौर की अदालत में जब इनके मामले की सुनवाई होती थी, तो इन दोनों को देखने के लिए कॉलेजों के तालिब—ए-इल्म टोलियां बांध-बांधकर आते थे। बहरहाल यह मुक़दमा, अदालत में नहीं टिक सका। मंटो और इस्मत चुग़ताई इस मुक़दमे से बाइज़्ज़त बरी हो गए। कहानी 'लिहाफ़' के बारे में ख़ुद इस्मत चुग़ताई क्या सोचती थीं, पाठकों के लिए यह जानना भी बड़ा दिलचस्प होगा। जब इस कहानी के बारे में उर्दू के एक अदीब एम. असलम, जो कई किताबों के लेखक थे, से उनकी बहस हुई, तो चुग़ताई ने उन्हें यह कहकर लाजवाब कर दिया,''मुझे कभी किसी ने नहीं बताया कि 'लिहाफ़' वाले मौज़ू पर लिखना गुनाह है। न मैंने किसी किताब में पढ़ा कि इस मर्ज़ या लत के बारे में नहीं लिखना चाहिए। शायद मेरा दिमाग़ अब्दुर्रहमान चुगताई का ब्रश नहीं, एक सस्ता सा कैमरा है, जो कुछ देखता है, खट से बटन दब जाता है और मेरा क़लम मेरे हाथ में बेबस होता है। मेरा दिमाग़ उसे बरगला देता है। दिमाग़ और क़लम के क़िस्से में दख़लअंदाज़ नहीं हो पाती।'' (इस्मत चुग़ताई-किताब कागज़ी है पैरहन, पेज-32-33)

कहानी 'लिहाफ़' के बाद इस्मत चुग़ताई ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। पत्रिकाओं में उनकी कहानियों की मांग बढ़ने लगी। पाठक उनकी कहानियों का इंतज़ार करते। जब-जब भी उनकी कहानियों पर एतराज़ उठते, कहानियों की मांग और भी बढ़ जाती। 'लिहाफ़' के प्रकाशन के बाद उनके आलोचकों ने तो उन्हें फ़ुहश—निगार (अश्लील लेखक) का तमग़ा दे दिया। उनके बारे में यह बातें फैलाई जाती कि वे जिंसियात पर ही लिखतीं हैं। लेकिन इस्मत चुग़ताई ने इन आलोचना की बिल्कुल परवाह न की। उन्होंने वही लिखा, जो अपने समाज में देखा। सच को सच और ग़लत को ग़लत कहने की हिम्मत इस्मत चुगताई के अंदर थी। वे यर्थाथवादी थीं।

कहानी 'चौथी का जोड़ा' और 'मुग़ल बच्चा' उनकी बेमिसाल कहानियां हैं। इस्मत चुग़ताई, औरतों को हर तरह की आज़ादी के हक़ में थीं। औरतों पर समाजी, मज़हबी बंदिशों की उन्होंने हमेशा मुख़ालफ़त की। इस्मत चुगताई ने अपनी कहानियों में औरत की आर्थिक गुलामी और मजबूरी पर हमेशा क़लम चलाई। उनका सोचना था,''एक लड़की अगर अपने वारिसों का सिर्फ़ इसलिए हुक्म मानती है कि आर्थिक तौर पर मजबूर है, तो फ़रमांबरदार नहीं, धोखेबाज़ ज़रूर हो सकती है। एक बीवी शौहर से सिर्फ़ इसलिए चिपकी रहती है कि रोटी-कपड़े का सहारा है, तो वह तवायफ़ से कम मजबूर नहीं। ऐसी मजबूर औरत की कोख से मजबूर और महकूम-ज़ेहनियत इंसान ही जन्म ले सकेंगे। हमेशा दूसरी तरक़्क़ीयाफ़्ता क़ौमों के रहमो-करम पर इक्तिफ़ा करेंगे। जब तक हमारे मुल्क की औरत मजबूर, लाचार, ज़ुल्म सहती रहेगी, हम इक़्तिसादी और सियासी मैदान में एहसास—ए-कमतरी का शिकार बने रहेंगे।''(इस्मत चुग़ताई- किताब 'कागज़ी है पैरहन',पेज-15)

इस्मत चुग़ताई को वतन की गंगा-जमुनी तहज़ीब से बेहद प्यार था। वतन की सांझा संस्कृति में वे अपनी भी हिस्सेदारी की बात करती थीं, ''मैं मुसलमान हूं, बुत—परस्ती शिर्क है। मगर देवमाला मेरे वतन का विरसा है। इसमें सदियों का कल्चर और फ़लसफ़ा समोया हुआ है। ईमान अलाहदा है, वतन की तहज़ीब अलाहदा है। इसमें मेरा बराबर का हिस्सा है। जैसे उसकी मिट्टी, धूप और पानी में मेरा हिस्सा है। मैं होली पर रंग खेलूं, दीवाली पर दिये जलाऊं, तो क्या मेरा ईमान मुतज़लज़ल हो जाएगा। मेरा यक़ीन और शऊर क्या इतना बोदा है, इतना अधूरा है कि रेज़ा-रेज़ा हो जाएगा।'' (इस्मत चुग़ताई-किताब 'कागज़ी है पैरहन',पेज-22)

इस्मत चुग़ताई ने 24 अक्टूबर, 1991 को इस दुनिया से विदाई ली। जाते-जाते भी वे दुनिया के सामने एक मिसाल छोड़ गईं। उनकी वसीयत के मुताबिक़ मुंबई के चंदनबाड़ी शमशान गृह में उन्हें अग्नि को समर्पित किया गया। एक मुस्लिम औरत का मरने के बाद, दफ़नाए जाने की बजाय हिंदू रीति रिवाजों से दाह संस्कार, सचमुच उनका एक आश्चर्यजनक और साहसिक फ़ैसला था। इस्मत चुग़ताई के इस फ़ैसले से उनके कुछ तरक़्क़ीपसंद साथी नाराज़ भी हुए। लेकिन चुग़ताई अलग मिट्टी की बनी हुई थीं, न तो वे अपने जीते जी कभी लीक पर चलीं और न ही मरने के बाद। इस्मत चुग़ताई की शानदार शख़्सियत के बारे में मंटो ने क्या ख़ूब कहा है, ''इस्मत पर बहुत कुछ कहा गया है और कहा जाता रहेगा। कोई उसे पसंद करेगा, कोई ना—पसंद। लेकिन लोगों की पसंदगी और ना—पसंदगी से ज़्यादा अहम चीज़ इस्मत की तख़्लीक़ी क़ुव्वत है। बुरी, भली, उरियां, मस्तूर जैसी भी है, क़ाइम रहनी चाहिए। अदब का कोई जुग़राफ़िया नहीं। उसे नक़्शों और ख़ाकों की क़ैद से, जहां तक मुमक़िन हो, बचाना चाहिए।'' (सआदत हसन मंटो-दस्तावेज-5, पेज 73)

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर हुई बैठक

◆ जगह-जगह होगा स्वागत

पन्ना, देशबन्धु। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 22 अगस्त को संभागीय मुख्यालय सागर आ रहे हैं। वह कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए बनाए गए प्रभारी प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री विधायक लखन घनघोरिया शनिवार को पन्ना पहुंचे और उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित एक जिला स्तरीय बैठक को इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित मैरिज गार्डन में संबोधित किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी जीवन पटेल सहित जिले भर के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। जिला स्तरीय बैठक की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा सहित पार्टी के सभी नेताओं ने पूर्व मंत्री श्री घनघोरिया का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री घनघोरिया ने कहा कि यह पहला अवसर है जब सागर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे आ रहे हैं हम सब की कोशिश होनी चाहिए कि जिले के प्रत्येक बूथ स्तर से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता वहां पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें एकजुटता के साथ काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित होंगे तो इसका लाभ भी आगे पार्टी को मिलेगा। श्री घनघोरिया ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी संगठन के लिए महत्वपूर्ण होता है और उसी की मेहनत और परिश्रम के कारण पार्टी को सफलता मिलती है। जिला प्रभारी जीवन पटेल ने भी सभी नेताओं पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सागर पहुंचने का आग्रह किया। बैठक के दौरान मंचासीन पार्टी नेताओं ने व पदाधिकारी ने अपनी अपनी और से वाहनों को ले जाने की संख्या भी दर्ज कराई। बैठक में विधायक शिवदयाल बागरी, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, फुंदर चैधरी, प्रदेश महामंत्री शारदा पाठक, पीसीसी मेंबर श्रीकांत पप्पू दीक्षित, राम किशोर मिश्रा वरिष्ट नेता, वरिष्ठ नेता रविंद्र शुक्ला, जीरा बाई पटेल अध्यक्ष महिला कांग्रेस, आशीष खरे जनपद अध्यक्ष शाहनगर, वीरेन्द्र द्विवेदी, पुष्पेंद्र सिंह परमार, गिरधारी लोधी सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी वह कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच संचालन पवन जैन ने किया।

डेयरी विस्थापन कार्रवाई : 3 डेयरियों के 33 पशुओं को किया शहर से बाहर

सागर, देशबन्धु। सागर नगर की स्वच्छता एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है, शनिवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त श्री राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 3 वार्डो से 33 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया गया, जिनमें जवाहर गंज वार्ड से कपिल यादव के 9 पशु बम्होरी गांव, इतवारी वार्ड से सेवकराम यादव के 18 पशु एवं बाघराज वार्ड से उत्तम ठाकुर कि 6 पशुओं को सलैया भेजा गया, इसके अलावा डेयरी विस्थापन दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विभिन्न वार्ड में शेष रह गई डेयरियों के विस्थापन हेतु पशुपालकों से चर्चा कर पशुओं को अतिशीघ्र शहर से बाहर शिफ्ट करने हेतु हिदायत दी।

निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने डेयरी विस्थापन दलों को निर्देश दिए हैं कि जिन डेयरी संचालकों ने अभी तक अपनी डेयरी को शहर से बाहर अथवा विस्थापन स्थल रतौना में शिफ्ट नहीं किया है उनकी डेयरियों को जल्दी से जल्दी शिफ्ट करायें अन्यथा की स्थिति में पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर में पशुओं के विचरण करते हुए पाए जाने पर पशुओं को जप्तकर जुर्माने की कार्रवाई करें ।उन्होंने नगर निगम के सभी जोन प्रभारी, उपयंत्री एवं वार्ड दरोगाओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने वार्ड मे शेष रह गयी डेरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्रवाई में तेजी लाएं, कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में सैकड़ों रोगियों को मिला लाभ

नेत्र रोगियों के लिए छतरपुर विधायक ने लगवाया शिविर

छतरपुर, देशबन्धु। नेत्र रोगियों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने की मंशा से छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी द्वारा हर माह की 19 तारीख को शहर के किशोर सागर तालब के समीप स्थित सेवाग्राम में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को अगस्त माह का शिविर लगाया गया, जिसमें एक सैकड़ा से अधिक मरीजों ने नेत्र चिकित्सकों से परीक्षण करवाकर परामर्श लिया। वहीं मोतियाबिंद से ग्रसित करीब डेढ़ दर्जन मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना किया गया है।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के प्रभारी सुरेश बाबू खरे ने बताया कि छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी नेत्र रोगियों के लिए हर माह यह शिविर लगवाते हैं, जिसमें सदुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आने वाले नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को परीक्षण बाद उचित परामर्श दिया जाता है। श्री खरे के मुताबिक शनिवार को संपन्न हुए शिविर में कुल 135 मरीजों ने अपने नेत्रों का परीक्षण करवाया, जिन्हें चिकित्सकों के दल ने परीक्षण के उपरांत परामर्श दिया। इसके साथ ही परीक्षण में मोतियाबिंद से ग्रसित मिले 15 से 20 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया है। शिविर में आए मरीजों ने यहां की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए विधायक आलोक चतुर्वेदी का आभार भी जताया।

पानी से भरे गड्ढे में गिरी बच्ची, मौत

भोपाल, देशबन्धु। घर के बाहर बने गड्ढे में डूबने से एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के वक्त उसके माता-पिता निर्माणाधीन मकान में काम करके लौटने के बाद हाथ-पैर धो रहे थे। इसी दौरान बच्ची मुंह के बल चार इंच पानी से भरे गड्ढे में गिर पड़ी थी।

कोलार पुलिस के मुताबिक कजलीखेड़ा निवासी प्रदीप अहिरवार निजी काम करते हैं। उनकी तीन बेटियों में वेदिका (डेढ़ साल) की सबसे छोटी थी। दानिश हिल्स कोलार में गुरुवार शाम को काम करने के बाद लौटे प्रदीप और पत्नी घर के बाहर हाथ-पैर धोने चले गए। इसी दौरान वेदिका घिसटते हुए घर के बाहर दरवाजे पर आ गई और वह घर के बाहर बने 4 इंच के गड्ढे में मुंह के बल गिर गई। गड्ढे में बारिश का पानी था, जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजन वापस आए वह अचेत हालत में गड्ढे में मिली। वे उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया।

युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

अयोध्या नगर इलाके में एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। अयोध्या नगर पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय संदीप मीना रायसेन का रहने वाला था। रायसेन में संदीप की खेती-बाड़ी है। करीब तीन महीने पहले संदीप भोपाल आया था और यहां आकर काम करने लगा। संदीप ने गुरुवार शाम करीब पांच बजे जीजा को इंटरनेट मीडिया पर संदेश लिखा। उसने लिखा कि वह जहर खाकर जान दे रहा है। संदीप के रिश्तेदार जब तक घर पहुंचे वह जहारीला पदार्थ खा चुका था। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात करीब 12 बजे इलाज के बाद दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

18 वर्ष के युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने शुरू हुआ अभियान

छतरपुर, देशबन्धु। जिले के ऐसे युवा जो 18 साल के हो चुके हैं या फिर 1 अक्टूबर को 18 साल के हो रहे हैं, उन युवाओं के नाम मतदाता सूची में शत प्रतिशत जुड़वाने के लिए जिले में स्वीप और जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने नगर पालिका छतरपुर के 30 कचरा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर छत्रसाल चौक से रवाना किया। यह गाडियां कचरा कलेक्शन करने के साथ-साथ शहर के नागरिकों और युवाओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करेंगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने 31 अगस्त तक वोटर लिस्ट से छूटे युवाओं से अपने नाम सूची में जुड़वाने की अपील की है। इस दौरान एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमन शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर रमन, छतरपुर नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा सहित अन्य अधिकरी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नहीं बुलाने पर उखड़े पार्षद, बोले - परिषद की बैठक में मुद्दा उठाएगी कांग्रेस

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी के वार्ड-46 में शुक्रवार सुबह हुए नगर निगम के पौधारोपण कार्यक्रम में हंगामा हो गया। चूंकि कार्यक्रम में नहीं बुलाने से नाराज इसी वार्ड के कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान उखड़ गए। उन्होंने महापौर मालती राय के सामने ही विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उनकी महापौर से नोंकझोंक भी हुई। वहीं विरोध दर्ज कराने के बाद पार्षद कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए और उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिषद की बैठक में इस मुद्दे को उठाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम ने शुक्रवार सुबह वार्ड वार्ड-46 के पांच नंबर स्टॉप स्थित जवाहर पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम रखा था। इसी दौरान इसी वार्ड के कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान भी वहां पहुंचे। उन्होंने महापौर मालती राय से कार्यक्रम को लेकर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर मुझे कोई सूचना नहीं दी गई, जबकि गुरुवार से ही इसकी तैयारी की जा रही थी। आज सुबह ऐनवक्त पर मुझे अफसरों का फोन आया कि यहां आ जाईये। ये तरीका ठीक नहीं है। उन्होंने महापौर से कहा कि घर का कोई कार्यक्रम हो तो मुझे मत बुलाना, लेकिन यह निगम का कार्यक्रम है, जो मेरे ही निर्वाचन वार्ड में हो रहा है। इस दौरान महापौर और पार्षद में नोंकझोंक भी होने लगी। इस पर महापौर परिषद सदस्य जगदीश यादव समेत अन्य पार्षदों ने योगेंद्र सिंह को समझाया।

वहीं विरोध दर्ज कराने के बाद पार्षद चौहान कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए और लौट गए। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड से जनता ने मुझे चुना हैं, उसी में कार्यक्रम हो रहा और स्थानीय पार्षद को ही नहीं बुलाया गया। यह वार्ड के लोगों और कांग्रेस पार्टी का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को आगामी परिषद की बैठक में भी उठाऊंगा।

मौसेरे भाईयों पर किया चाकू से हमला, एक की मौत

भोपाल, देशबन्धु। कोलार इलाके के कजली खेड़ा में सब्जी का ठेला लगा रहे 2 युवकों ने मिलकर एक दुकान मालिक और उसके भाई पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विरम तोमर पुत्र स्वर्गीय बदरी प्रसाद तोमर उम्र 24 वर्ष अहमदपुर रोड चरनाल बैरसिया का रहने वाला था। लेकिन पिछले15 साल से परिवार के साथ कोलार स्थित कजली खेड़ा में पंजाब नेशनल बैंक के पास खुद के मकान में रहता था। उसके मकान में एक दुकान है, जो किराये पर दी हुई है।

मोबाइल की दुकान के सामने पिछले कुछ दिन से दो युवक शाम के समय सब्जी का ठेला लगाकर खड़े होते थे। दुकानदार द्वारा कुछ दिन इन्हें नजर अंदाज किया जाता रहा। लेकिन जब उसकी ग्राहकी पर असर पड़ने लगा था तो वह युवकों से दुकान के सामने ठेला खड़ा करने से मना करने लगा। लेकिन वे अपना ठेला खड़ा करना बंद नहीं कर रहे थे। इसको लेकर उनके बीच विवाद भी हो रहा था। गुरुवार रात भी इसी बात को लेकर दुकानदार और ठेले लगाने वाले युवकों के बीच विवाद हुआ थी। जिसकी शिकायत दुकानदार ने मकान मालिक विरम से की। किरायेदार की समस्या को देखते हुए विरम व उसका मौसेरा भाई विक्रम दोनों सब्जी वालों को समझाने आए। इस दौरान दोनों पक्षों में बहस हुई। इसी बीच आरोपी आशीष सिंह और उसके साथी ने विरम के पेट और सीने में चाकू से हमला कर दिया। यह देख विक्रम उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसके गले पर हमला कर दिया। इससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान विरम की मौत हो गई, जबकि विक्रम की हालत नाजुक बनी हुई है। शुक्रवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजन को सौंप दिया गया, जिसके बाद बैरसिया के पैतृक गांव चरनाल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कोलार थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय का कहना है कि मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल एक आरोपी आशीष सिंह को नामजद किया गया है। मृतक के मौसेरे भाई भैया लाल तोमर ने बताया कि विरम बंटी नाम के एक व्यक्ति के टेंट हाउस में नौकरी करता था। घर में विरम,उसकी मां संतोष बाई और बड़ा भाई दिनेश रहते हैं। पिता की मौत के बाद विरम पर ही परिवार की जिम्मेदारी थी। परिजन उसकी शादी के लिए लड़की तलाश रहे थे। इसी साल में उसकी शादी का इरादा था। उसकी बड़ी बहन बीजी बाई की तीन साल पहले शादी हो चुकी है।

सुनील तुल्सियानी ने करवाए सौ से ज्यादा नेत्र रोगियों के ऑपरेशन

संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु। कनाडा के दानदाता सुनील तुल्सियानी और जीव सेवा संस्थान के सहयोग से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में आज 115 नेत्र रोगियों के नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन किये गये । ये रोगी इटारसी, होषंगाबाद, कोठरी, आष्टा, सीहोर, बनखेड़ी और सोहागपुर से लाये गये थे । श्री तुल्सियानी ने नेत्र रोगियों से उनकी कुषलक्षेम पूछी तथा सेवा सदन द्वारा दी जा रही सेवा-सुविधाओं के सम्बंध में जानकारी ली । इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगियों को मध्यान्ह भोज परोसा । इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेष दयारामानी ने कनाडा के दान दाता श्री तुल्सियानी को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और संत हिरदाराम की अन्य संस्थाओं के कार्यों की जानकारी दी । इस अवसर पर सेवा सदन के सलाहकार डॉ. मदन देशपाण्डे, वरिष्ठ प्रबंधक द्वय भारती जनियानी और कुशल धर्मानी तथा सुनील तुल्सियानी के पुत्र देवेन्द्र तुल्सियानी भी उपस्थित थे ।

संत हिरदाराम महाविद्यालय की अवनि और शेमा रहीं अव्वल

संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु। पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, द्वारा अन्तर महाविद्यालयीन वाद विवाद प्रतियोगिता में संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की लिटरेरी समिति की छात्रा अवनि शर्मा को प्रथम स्थान एवं शेमा महफूज़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को 10 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रा को 5 हजार रुपए भी प्रदान किये गए। लिटरेरी समिति संयोजक डॉ नेहा गुप्ता ने छात्राओं इस उपलब्धि पर छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जीतने की संभावना तो सभी में है पर कुछ ही इसे अभ्यास से वास्तव में साकार कर पाते हैं ।

नकली सोने को असली बताकर बेचने वाले 3 गिरफ्तार

भोपाल, देशबन्धु। न्यू मार्केट के मालवीय नगर इलाके में पुलिस ने राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय के वाहन चालक के साथ नकली सोने को असली बताकर बेंचकर ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय के वाहन चालक अब्दुल हकीम खान को एयरटेल तिराहे के पास दो युवक और एक महिला मिले और उनसे बातचीत करने लगे। बातों ही बातों में तीनों ने उनसे कहा कि उनको घर की खुदाई में सोना मिला है, उसे वह सस्ते में बेचना चाहते हैं। जब हकीम ने खरीदने में दिलचस्पी दिखाई तो आरोपियों ने उसे एक सोने जैसी माला दिखाई और सोने की जांच कराने के लिए उसके सामने ही माला के तीन मोती तोड़कर सुनार से जांच कराने के लिए दे दिए, लेकिन हकीम को शंका हुई तो उसने पूरी माला मांगी। इसके लिए आरोपी पहले तो तैयार नहीं हुए। लेकिन बाद में वह जैसे सुनार के पास पहुंचे तो पहले मोती की जांच कराई तो वह असली निकले। बाद में जब हकीम ने माला की जांच कराने के लिए कहा तो तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। इसके बाद हकीम ने पुलिस को सूचना दी।

इस पर पुलिस ने दो घंटे में सीसीटीवी खंगाल कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। इनमें केसरिया घाट के पास सनगवा चोकी थाना रामादेवी जिला कानपुर यूपी निवासी 44 वर्षीय धर्मेन्द्र राय उर्फ धर्मा सोलंकी, ग्राम लालकुआ बंगाली कालोनी राजीव नगर नैनीताल उत्तराखंड निवासी 40 वर्षीय किसनी देवी और सेक्टर तीन गांधीनगर भोपाल का रहने वाला 32 वर्षीय शिवा सिलावट शामिल हैं। यह तीनों वापस में रिश्तेदार हैं। आरोपितों के पास से करीब 40 ग्राम वजनी असली चांदी के चार सिक्के (सभी 150 साल पुराने) व असली सोने के तीन मोती व नकली सोने की मालाएं वजनी करीब दो किलोग्राम बरामद किए गए हैं।

एसआइ संजीव धाकड़ ने बताया कि यह कई साल से इस तरह से लोगों को ठगते आ रहे हैं। यह एक माला और चांदी के सिक्के रखते हैं। उसके बाद लोगों को मिलते हैं और उनको सस्ता सोना बेचने का झांसा देते हैं । जब खरीददार सुनार से सोने की माला की जांच कराने की कहता है तो यह उस माला में जोड़कर रखे असली सोने के मोतियों को उसके सामने ही तोड़कर दे देते हैं। इससे उसे शंका नहीं होती थी और उससे रुपये लेकर नकली सोना देकर फरार हो जाते है। पुलिस उनसे पूछताछ करने में जुटी हुई है।

6 कर्मचारी संगठन 25 को हड़ताल पर जाएंगे

भोपाल, देशबन्धु। ग्रेड-पे में सुधार, पुरानी पेंशन बहाली सहित 39 सूत्रीय मांगों को लेकर छह बड़े कर्मचारी संगठनों से संबद्ध तीन लाख से अधिक कर्मचारी 25 अगस्त को एक दिन की कार्यालय बंद हड़ताल करेंगे। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी ने बताया कि मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ मोर्चा, तृतीय वर्ग, लिपिक, वाहन चालक कर्मचारी, पेंशनर सहित दो अन्य कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल का संयुक्त आव्हान किया है। एक दिन की इस हड़ताल की तैयारी के चलते कर्मचारियों ने शुक्रवार को जिला न्यायालय, लोक निर्माण और महिला एवं बाल विकास संचालनालय में भोजनावकाश में द्वार सभा की। सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मोहन अय्यर, जिला न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव, निगम मंडल के अध्यक्ष अनिल वाजपेयी, लोक निर्माण विभाग लिपिक संघ के अध्यक्ष रत्नेश सौंधिया ने कहा कि चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी प्रदेश सरकार मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए अब आंदोलन उग्र किया जाएगा। इन्होंने 25 अगस्त को आकस्मिक अवकाश लेकर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की।

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, छतरपुर

रेन्टल भवन हस्तान्तरण की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी.जी.बी.टी. कालोनी छतरपुर में स्थित रेन्टल भवन क्रमांक 14 के आवंटी श्री महेन्द्र पाल नायक आत्मज श्री हरिशचन्द्र नायक के नाम पर आवंटित है। श्री महेन्द्र पाल नायक के द्वारा उक्त रेन्टल भवन **श्री कृष्णा कुमार त्रिपाठी** आत्मज श्री रुप किशोर त्रिपाठी को रजिस्ट्री के माध्यम से दिनांक 24.02.2023 को विक्रय कर दी गई हैं। श्री कृष्णा कुमार त्रिपाठी द्वारा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र, रजिस्ट्री की प्रति इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत कर रेन्टल भवन का हस्तांतरण अपने नाम करने हेतु प्रस्तुत किये गये हैं।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक तथा आवंटी के वैध वारिसों को कोई आपत्ति हो तथा भवन कही गिरवी/बंधक हैं, अथवा भवन के मद में किसी के द्वारा कोई राशि लेना हो तो अपनी आपत्ति ठोस आधार के साथ आमसूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त रेन्टल भवन का हस्तांतरण आवेदक के पक्ष में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर किया जावेगा एवं उसके पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

नीरू राजपूत,सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, छतरपुर

जिला अस्पताल में पहली बार हुआ कुल्हे का सफल ऑपरेशन, गरीब मरीज के चेहरे पर लौटी मुस्कान

टीकमगढ़, देशबन्धु। 55 वर्षीय नन्ना यादव जो कि लंबे समय से चलने फिरने में असमर्थ थे। डॉक्टरों ने बड़े शहर में इलाज कराने की सलाह दे दी थी। दरअसल नन्ना यादव की कुल्हे की हड्डी टूट गई थी। मरीज सहित उसके परिजन भी बेहद परेशान थे। लेकिन जिला अस्पताल में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश प्रजापति ने जिला अस्पताल में पहलीबार कुल्हे को बदलने काम किया है। जिसके बाद मरीज नन्हे यादव अब आम इंसान की तरह चल फिर सकेंगे। डॉक्टर प्रजापति ने बताया कि उनके पास एरोरा निवासी नन्ना यादव जिनकी उम्र 55 वर्ष थी। वह जिला अस्पताल उपचार हेतु आए। एक्सरे उपरांत यह पता चला कि मरीज की कुल्हे की हड्डी टूटी हुई है। यह सुनकर मरीज के परिवार वाले घबरा गए। उम्र के हिसाब से नन्ना यादव के परिजन रिक्स नहीं लेना चाह रहे थे। लेकिन डॉ. प्रजापति के समझाने के बाद जिला अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में उन्होंने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ गुल्ला बदलने का सफल आपरेशन कर दिया। डॉक्टर प्रजापति का कहना है कि इस दिक्कत को केवल ऑपरेशन करके ही दूर किया जा सकता है। इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं था। अब पहले की तरह नन्ना यादव भी कुछ महीनों बाद पहले जैसे ही चल-फिर सकेंगे।

सड़क पर आवारा मवेशियों का कब्जा, राहगीर हो रहे हादसे का शिकार

टीकमगढ़/पलेरा, देशबन्धु। इन दिनों स्थानीय नगर की गली-मोहल्लों में घूमते आवारा पशु लोगों के लिए आफत बने हुए हैं। बड़ा बस स्टैंड सड़क पर बेलगाम हुए आवारा पशुओं के कारण लोगों को रोज कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बीच सड़क पर आवारा पशुओं के होने से यातायात बाधित हो रहा है। इसके अलावा सड़क के बीचों-बीच इनके झगड़ने पर तो स्थिति और विकट हो जाती है। झगड़ते पशुओं के बीच से होकर सुरक्षित निकलना मुश्किल है। ऐसा नहीं है कि इस समस्या की खबर जिम्मेदारों की कानों तक नहीं हैए लेकिन समाधान कुछ भी नहीं हो रहा है। सड़क पर गुजरते वाहन और राहगीरों के इनकी चपेट में आकर दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इन पशुओं के आपस में भिड़ने से ऐसी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें कई लोग जख्मी हो चुके हैं। पशुओं के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने.जाने में जानवरों का भय बना रहता है। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती हैं। इसके अलावा जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत के गांवों में हर चौक.चौराहों व बाजारों में भी जगह.जगह सड़क के बीचों.बीच मवेशी एकत्र रहते हैं। ऐसे में ये कई बार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। मवेशियों के अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और फिर दुर्घटना होते देर नहीं लगती। पशु मालिक बेपरवाह. सड़कों पर आवारा जानवरों का कब्जा होने के पीछे बहुत हद तक पशु मालिक भी जिम्मेदार हैं। मवेशियों से हित साधने के बाद इन्हें सड़कों पर आवारा घूमने के लिए इस तरह छोड़ दिया जाता है जैसे मवेशियों से उनका कोई नाता न हो। दुर्घटना में मवेशियों की मौत के बाद वे मुआवजा के लिए जानवरों पर दावा करते हैं।

एसडीएम ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

टीकमगढ़, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देश पर एसडीएम संजय दुबे ने आज टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिये 31 अगस्त तक नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने की कार्यवाही की जानकारी ली।

एसडीएम श्री दुबे ने मतदान केन्द्रों पर आयोजित विशेष कैम्पों पर उपस्थित मतदाताओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने एक अक्टूबर तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क करें। इस अवसर पर मतदान केन्दों पर मतदाता सूची का वाचन किया गया।

मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में कराया अवगत

टीकमगढ़, देशबन्धु। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने एवं मतदान से संबंधित प्रक्रिया को सुलभ रूप से समझाया जा रहा है। इसीक्रम में अभियान अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मतदाताओं को ईवीएम-व्हीव्हीपीएटी से मतदान करने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। स्वीप गतिविधियों के तहत 31 अगस्त तक चलने वाले मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाताओं से अपील की जा रही है कि जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है साथ ही जो मतदाता एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी नाम जोड़ने के लिए आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है।

चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर हुई संयुक्त बैठक

जतारा, देशबन्धु। आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है, जिसको लेकर मप्र और उप्र पुलिस के अधिकारी कर्मचारी की एक सामुहिक बैठक जतारा विधानसभा क्षेत्र बॉर्डर के नजदीकी थाना मऊरानीपुर आयोजित की गई। जहां पर दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारी, कर्मचारी की सामूहिक बैठक में मप्र और उप्र के निगरानी सुधा आसमानिक तत्व की सूचियां का आदान-प्रदान किया गया और मध्य प्रदेश पुलिस में उत्तर प्रदेश पुलिस से बॉर्डर के सीमावर्ती गांव और बॉर्डर पर मध्य प्रदेश में होने वाले चुनाव को लेकर सहयोग मांगा है।

मीटिंग में शामिल अधिकारी व कर्मचारी निरीक्षक तुलसीराम पाण्डेय थाना अध्यक्ष मऊरानीपुर, उनि रामसिया चौधरी थाना प्रभारी बम्हौरी कलां, उनि आकाश रुसिया चौकी प्रभारी कनेरा व संगम नायक व थाना मऊरानीपुर का अन्य पुलिस स्टाफ पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के आदेश से थाना मऊरानीपुर जिला झाँसी में बार्डर मीटिंग ली गई। मीटिंग में आगामी मप्र विधान सभा चुनाव को शान्ति पूर्ण कराने के संबंध में उत्तर प्रदेश की सीमा में लगे नाका, स्थाई गिरफ्तारी व ईनामी बारण्टियों एवं उपद्रव करने वाले सम्भावित व्यक्तियों की एवं गुण्डा व निगरानी बदमाशों की सूची एक दूसरे से साझा की। बार्डर से अवैध हथियारए अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एवं आपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर अंकुश लगाने के संबंध में चर्चा की गई। आगामी विधान सभा चुनाव शान्ति पूर्वक संपन्न कराने के संबंध में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने का निर्णय लिया गया। निरीक्षक तुलसीराम पाण्डेय थाना अध्यक्ष मऊरानीपुर द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वाशन दिया।

पुलिस ने 2 हजार के इनामी स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

जतारा, देशबन्धु। थाना जतारा अंतर्गत कनेरा चौकी पुलिस ने 2 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा फरार, ईनामी वारंटियो एवं आरोपियो को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया है। चौकी कनेरा पुलिस ने आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी 2000 रुपये के ईनामी आरोपी भूरे उर्फ नरेंद्र पिता रामकिशन कबूतरा निवासी कंजना थाना बम्होरीकलां को चौकी कनेरा पुलिस द्वारा कडी मेहनत से ग्राम निबोरा से गिरफ्तार किया है। वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि रामसिया चौधरी, चौकी प्रभारी कनेरा उनि आकाश रूसिया, मुकेश, नरेंद्र, मुईन, अविनेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण का हुआ समापन विशाल भण्डारे में शामिल हुए लोग

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले के दिगौड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पूनोल के भुवनेश्वर मंदिर में विराजमान भोलेनाथ के दरबार में असंख्य शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक पूजन का धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा था। रविवार को धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया जाएगा। जिसमें आयोजन समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में पूनोल, दोर, खरोई, दिगौड़ा सहित क्षेत्र के कई ग्रामों से हजारों लोग शामिल हुए। पृथ्वीपुर विधायक डॉ शिशुपाल यादव, कांग्रेस नेता ध्रुव सिंह राठौर ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। धार्मिक समापन के दौरान मंदिर परिसर में प्रसिद्ध लोकगीत गायक बलराम यादव व गायिका वसंती द्वारा जबाबी धार्मिक भजनों का आयोजन किया गया। मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भोलेनाथ दरबार में असंख्य पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं महारुद्राभिषेक पूजन के धार्मिक अनुष्ठान में करीब 11 लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा किया गया।

अमृत सरोवर तालाब से मछुआरों को मिलेगा रोजगार

जतारा, देशबन्धु। जनपद पंचायत पलेरा की ग्राम पंचायत कलरा में अमृत सरोवर तालाब का निर्माण होने और उसमें पर्याप्त पानी आने से किसानों को जहां सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, तो वही मछुआरों को तालाब से मछली पालन कर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिसको लेकर ग्राम पंचायत में यह प्रयास भी शुरू कर दिए हैं, ताकि आने वाले समय में यहां के मछुआरे आत्मनिर्भर बनेंगे और तालाब में मछली पालन होने से ग्राम पंचायत को आमदनी होगी। इस सपने को साकार करने के लिए ग्राम पंचायत कलरा के सरपंच प्रतिनिधि मनोज सिंह राजावत, सचिव शंकर सिंह चंदेल ने बताया कि केंद्र राज्य सरकार के द्वारा पानी रोको अभियान जहां चलाया जा रहा है। वहीं सरकार के द्वारा इस अमृत जल को रोकने के लिए अमृत सरोवर तालाब का निर्माण ग्राम पंचायत कलरा के जंगल आलपुर में वन विभाग के अधिकारी से अनुमति लेकर अमृत सरोवर तालाब का इसी साल निर्माण कार्य कराया गया था। कम बारिश होने के बाद भी तालाब में 10 फुट से अधिक पानी आ गया। जिसमें पर्याप्त पानी आने के बाद मछुआरों रोजगार उपलब्ध कराए जाने को लेकर 40 चालीस हजार मछली पालन करने के लिए मछली बच्चों का बीज छोड़ा गया है। जिससे आने वाले समय में इस क्षेत्र के मछुआरे आत्मनिर्भर बनेंगे, तो वही तालाब का पानी किसानों की सिंचाई के काम आएगा। आसपास के तालाबों का जलस्तर बढ़ेगा। तालाब की सुंदरता को देखकर लगता है कि कोई बांध बना है। यहां पर हाल ही में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन ग्राम पंचायत के द्वारा ध्वजारोहण भी अमृत सरोवर तालाब पर आयोजित किया गया। जिसको देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ भी लग रही है। इस तालाब की सुंदरता पहाड़ और जंगल के बीच होने से अधिक बढ़ गई है, जिससे यहां पर हर कोई यह अच्छा दृश्य देखने के लिए भी पहुंच रहा है। साथ ही इस तालाब का निर्माण कार्य होने से जहां सरकार का सपना साकार हो रहा है, तो वहीं लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तालाब से मछली पालन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे यहां के मछुआ समुदाय को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। सरपंच प्रतिनिधि मनोज सिंह राजावत ने बताया कि इस तालाब के निर्माण कार्य के लिए जनपद के सीईओ और उपयंत्री का भी महत्वपूर्ण योगदान है जिन्होंने इस तालाब के निर्माण कार्य कराने के लिए प्रेरणा दी गई थी।

सावन तीज पर मंदिरों में डाले झूले, दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़

टीकमगढ़, देशबन्धु। जिले में शनिवार को सावन तीज पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया गया। शिव धाम कुंडेश्वर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में झूला डालकर भगवान को विराजमान किया गया। लड्डू गोपाल के झूला दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग मंदिरों में पहुंचे। भक्तों ने भगवान को झूला झुलाकर सुख समृद्धि की मनोकामना की।

नगर परिषद लिधौरा के प्राचीन बड़ा मंदिर में आज शाम धार्मिक परंपराओं के अनुसार सावन तीज के चलते भगवान को झूले पर विराजमान किया। भगवान को झुलाने के लिए नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। जगद्गुरु मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज की अनुकंपा से उनके परिकर ने सावन तीज पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। मंदिर के महंत दामोदरदास महाराज ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से निरंतर चली आ रही है। सावन तृतीया के दिन भगवान को चौक में झूले पर विराजमान किया जाता है। नगर के सभी श्रद्धालु आकर भगवान को भक्ति भाव से झूला झुलाते हैं। भगवान की पूजा अर्चना रामराजा सरकार मंदिर ओरछा की परंपरा के अनुसार विधि विधान से की जाती है। शिव धाम कुंडेश्वर सहित शहर के प्राचीन नजरबाग मंदिर, जानकी बाग मंदिर, प्रश्न राघव मंदिर, विजय राघव मंदिर, झिरकी बगिया मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में आज झूले डालकर भगवान को विराजमान किया। नजरबाग मंदिर के पुजारी सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि 1 सप्ताह तक मंदिरों में भगवान के झूला दर्शन होंगे। इस दौरान हर दिन मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जतारा, देशबन्धु। थाना बम्होरी कलां क्षेत्र के जतारा-मऊरानीपुर मार्ग पर गत रात्रि में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है तथा शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दिनऊ गांव निवासी कमलेश यादव उम्र 40 साल पुत्र रामकिशन यादव अपने गांव से शाम के सात बजे के लगभग किसी को लेकर बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही वह प्रताप नगर तिगैला के आगे पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही सड़क पर निकलने वालें राहगीरों ने देखा, तो तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई, पहले प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्होरी कलां ले गए, लेकिन वहां कोई डॉक्टर नहीं मिलने के बाद परिजनों नदीके उत्तर प्रदेश के मऊरानीपुर ले गए। जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

बुड़ेरा से शुरू हुई दूसरे दिन की कांवड़ यात्रा, ग्रामीणों ने तिलक लगाकर किया कांवड़ियों का स्वागत

टीकमगढ़, देशबन्धु। पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव श्रावण मास के उपलक्ष्य में कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं। शनिवार को दूसरे दिन की यात्रा बुडेरा गांव से शुरू हुई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने जगह जगह कांवड़ियों का स्वागत किया। शनिवार को आधा दर्जन गांवों से यात्रा निकालेगी।

यात्रा के संयोजक पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले 15 सालों से सावन के महीने में कांवड़ यात्रा निकालते चले आ रहे हैं। इस बार 18 से लेकर 28 अगस्त तक टीकमगढ़ विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार को बान सुजारा बांध का जल भरकर यात्रा की शुरुआत की थी। पहले दिन की यात्रा लमेराए भेराए नयागांवए जामुन तलैयाए गडरयाना होते हुए डिकोली गांव पहुंची। जहां रात्रि विश्राम किया गया। आज बुडेर से यात्रा शुरू की गई। इसके बाद पुरेनियाए नन्ही टेहरी, लच्छनपुरा होते हुए लार गांव में रात्रि विश्राम होगा। इसी तरह हर दिन आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए 28 अगस्त को टीकमगढ़ नगर की परिक्रमा लगाकर शिव धाम कुंडेश्वर में कांवड़ यात्रा का समापन होगा। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों ने बम बम भोले के जयकारे लगाए। पूर्व विधायक ने बताया कि 28 अगस्त को कुंडेश्वर मंदिर में बान सुजारा बांध के जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। यात्रा में करीब एक हजार से ज्यादा लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में 21-21 पौधे भी लगाए जा रहे हैं।

सार समाचार

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दमोह/पथरिया देशबन्धु। परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विघासागर जी महामुनि राज के आशीर्वाद से परम पूज्य आर्यिका रत्न 105 श्री विमल मति माता जी संसघ के सानिध्य में स्वास्थ्य शिविर पथरिया में संपन्न हुआ। जिसमें करीब 250 मरीजों ने परामर्श कर चिकित्सा का लाभ लिया 225 लोगों ने प्राशन संस्कार का लाभ लिया जिसमें संगीता जैन प्राकृतिक चिकित्सक एवं योग, डां रश्मि जैन एमडी, मृजुला जैन योग चिकित्सक, डां मनोज पटेल एमडी, वेदांत मेडीकल आफीसर, अमन कुशवाहा मदन झारिया ने अपनी सेवाएं दी। उक्त शिविर आयोजक श्री 108 आचार्य श्री विद्यासागर हथकरघा एवं गौ संवर्धन केंद्र पथरिया रहा।

पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया की मौजूदगी में हुई बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के सागर आगमन को लेकर तैयारियों में जुटे नेता

दमोह देशबन्धु। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने जिले के मंडलम सेक्टर कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि समरसता का पाठ पढ़ाने वाली भारतीय जनता पार्टी जो बारी बारी से हमारे महापुरूषों संतों को लेकर राजनीति करने में लगी है चुनाव आते ही घोषणाओं की झड़ी लगाने में महारत भारतीय जनता पार्टी आमजनता के मंहगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दो को ताक पर रखकर धर्मगुरूओं पर राजनीति करके समरसता का प्रमाण दे रही है पिछले 18 वर्षो में रविदास जी का पुण्य स्मरण करने की फुरसत नहीं थी अब हड़बड़ाहट घबराहट में वह सब काम कर रहे है शिवराज मामा की जब जमीन खिसकनी वाली है विधायक अजय टंडन ने कहा कि हम यह विश्वास दिलवाते है कि जिले की चारों विधानसभाओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़के की विशाल सभा में दमोह के व्यक्तियों महिलाओं की संख्या सर्वाधित होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि दमोह से सागर जुड़ा हुआ है एवं सबसे अधिक नातेदारी रिस्तेदारी हमारी इसी क्षेत्र में है अत: हम सब की डयूटी बन जाती है एवं अपने नेता का इस्तकबाल करें। इस अवसर पर रंजी पटेल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनु मिश्रा, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रजनी ठाकुर विक्रम ठाकुर, शहर अध्यक्ष कोमल अहिरवार, कमलेश उपाध्याय, अमर सिह, राजू राय, राजा राय, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, अजय सरवरिया, अनिल जैन सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थित रहीं।

नशा मुक्ति अभियान का संकल्प लेकर निकले पदयात्री

दमोह देशबन्धु। नशा मुक्ति अभियान का संकल्प लेकर रहली क्षेत्र के देव जागेश्वर नाथ के पूजन अर्चन के लिए पदयात्रा पर निकले लगभग 300 से अधिक पदयात्री दमोह पहुंचे। जिनका स्वागत वंदन और अभिनंदन केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निवास पर किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल के अपर निज सचिव रमेश कुमार ने सभी पद यात्रियों का तिलक वंदन और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भोजन के पश्चात पदयात्रा करने वाले यात्रियों के साथ आई महिलाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्र की धुन पर भजनों का गायन करके पूरे परिसर को एक धार्मिक वातावरण में परिवर्तित कर दिया। इसके पश्चात सभी भगवान जागेश्वर नाथ का पूजन अर्चन करने के लिए पदयात्रा के साथ रवाना हो गए। यात्रा का नेतृत्व कर रहे ग्राम के सरपंच ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त समाज बनाना और राष्ट्रप्रेम के ओर लोगों को ले जाना है। सभी ग्रामीणों ने संकल्प को पूरा करने के लिए यह पदयात्रा प्रारंभ की है। उन्होंने बताया हम सभी केंद्रीय राज्यमंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के निवास पर आए, यहां पर मिले प्रेम और सम्मान के प्रति हम सभी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, अनुपम जड़िया के साथ कार्यालय का स्टाफउपस्थित रहा।

मोबाइल एसोएशन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

दमोह देशबन्धु। मोबाईल एसोएशन दमोह द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी देते हुए नरेन्द्र जैन शक्ति ने बताया हेमेन्द्र सिंह निवासी तेजगढ़ खुर्द की मोबाईल की दुकान मयंक मोबाईल के नाम से किल्लाई नाका पर है जहां दिनांक 13 अगस्त रविवार रात 2 बजे शटर तोड़कर मोबाईलों की चोरी हुई पूरी घटना सीसीटीबी कैमरो में कैद हो चुकी है एवं आरोपी का चहरा साफसाफवीडियो में नजर आ रहा है। दुकान संचालक के बताया कि दुकान से करीब 10 पैक नए मोबाईल एवं 12 जो मोबाईल फोन सुधरने आए थे वह चोरी हुए साथ ही नगद करीब 6 हजार भी चोरी हुए है। वहीं दुकान संचालक ने बताया कि चोर का नाम, पता, पिताजी का नाम सब पता चल गया है लेकिन पुलिस अभी तक चोर को पड़ नहीं सकी है। ज्ञापन देते हुए मांग है कि चोर को जल्द से जल्द पकड़कर कार्यवाही करें। ज्ञापन देने अध्यक्ष रवि राय, उपाध्यक्ष नरेंद्र शक्ति, पंकज राय, अभिषेक जैन, कपिल जैन, प्रिंस असाटी, विवेक ताम्रकार, नितिन मोदी, हेमेंद्र लोधी, सतीश साहू, अंकुर असाटी आदि लोगों की उपस्थिति रही।

सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

दमोह देशबन्धु। असाटी महिला मंडल द्वारा संस्कार भवन में हर माह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है इस माह में जिसकी आयोजक श्वेता राहुल असाटी (इंदिरा कॉलोनी) थी उन्होंने अपने पिता श्रीकेश कुमार (लल्ला) असाटी की प्रथम पुण्यतिथि की स्मृति में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और समाज की सभी बहनों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। सभी ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ कर आरती की तत्पश्चात वही श्वेता राहुल असाटी के द्वारा अपने पिता की पुण्यतिथि पर 500 की राशि भी असाटी महिला समिति दमोह को प्रदान की गई एवं प्रसाद वितरण के साथ अंत में सभी ने सामूहिक स्वल्पाहार का आनंद भी लिया।

विद्यार्थियों के बीच में अखंड भारत दिवस का रखा विषय

दमोह देशबन्धु। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हिंडोरिया नगर के बुंदेलखंड आईटीआई पब्लिक स्कूल एवं खंड बांदकपुर के श्री जागेश्वर नाथ स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल एवं शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में जाकर अखंड भारत दिवस मनाया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला से मुकेश चौरसिय ने विद्यार्थियों के बीच में अखंड भारत दिवस का विषय रखा और भारत कब-कब खंडवा किस कारणों से खंड हुआ और विद्यार्थियों से संवाद भी किया इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला गोरक्षा प्रमुख गोलू चौबे, मंत्री विकास चौरसिया, प्रखंड संयोजक लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड गोरक्षा का प्रमुख अंशु दुबे ,चंदू पटेल ,प्रखंड संयोजक धर्म प्रचार हेमंत साहू ,शंकर गौतम, घनश्याम सेन ,अतुल धनगर ,नीरज नीरज साहू, मौसम ठाकुर, उपस्थित रहे।

अवैध मदिरा संग्रह, विक्रय व मदिरा पान के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

दमोह देशबन्धु। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले में अवैध मदिरा संग्रह, विक्रय व मदिरा पान के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही हैं। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी रवींद्र खरे ने बताया अवैध शराब को नियंत्रित करने के उद्देश्य से गत दिवस आबकारी उप निरीक्षक मधुसुधन दीवान द्वारा दमोह- सागर मार्ग पर स्थित होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट में अवैध मदिरा संग्रह, विक्रय व मदिरा पान के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में आरोपियो पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2 प्रकरण विधिवत पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया और नव आरक्षक बल शामिल रहा ।

अपराधी बेखौफ, छात्र की मारपीट का वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

मुरैना, देशबन्धु। शहर के कोतवाली क्षेत्र में रंगदारी करने वाले अपराधी बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। एक पीड़ित छात्र शनिवार को कोतवाली पहुंचा और बताया कि उसकी मारपीट कर आधा दर्जन आरोपियों ने उसका वीडियो रिश्तेदारों को पहुंचा दिया और ब्लैकमेल कर रहे हैं। पुलिस द्वारा पीड़ित की रिपोर्ट पर से मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बताया जाता है कि छात्र शिवम राठौर निवासी बाईपास रोड की गत दिवस माधौपुरा की पुलिया पर आधा दर्जन युवकों ने मारपीट कर दी तथा उसका वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम, फेसबुक पर डाल दिया एवं रिश्तेदारों को व्हाट्सएप कर छात्र को ब्लैकमेल करने लगे। पीड़ित छात्र ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम बताया। पुलिस द्वारा युवक की शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शहर में रंगदारी एवं आशिकी के मामलों को लेकर मारपीट एवं कट्टे से फायर किए जाने की घटनाएं कोतवाल के लिए बड़ी चुनौती बन गई है और इन पर रोक लगाने के लिए नए कोतवाल को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। गौरतलब है कि शहर में पुलिस तो है, लेकिन दिखाई नहीं देती तथा दिखाई भी देती है तो वह कर्मचारी सरकारी वाहन में बैठकर सायरन बजाते हुए घटनाओं को नजर अंदाज करते हुए निकल जाते हैं। पिछले काफी समय से शहर में पुलिस की सुस्ती के कारण रंगदारी मारपीट की घटनाएं तेजी से बड़ी है और पुलिस की तत्परता कहीं भी दिखाई नहीं दी है, जिससे आम जनमानस में पुलिस की छवि धूमल हो रही है।

मारपीट मामले में महिला सहित 2 को 6-6 माह की सजा

सिरोज, देशबन्धु। न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अपूर्वा ताम्रकार द्वारा कुल्हाड़ी से एवं डंडों से मारपीट करने वाले आरोपी अशोक अहिरवार, धन बाई पत्नी नारायण सिंह अहिरवार निवासी ग्राम सालपुर कला थाना दीपना खेड़ा को 6- 6 माह की सजा एवं एक हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। शासकीय अधिवक्ता मनीष वर्मा ने बताया कि 12 जनवरी 2017 को दोपहर 1:30 बजे हरिजन कॉलोनी के सरकारी हैंड पंप पर ग्राम सालपुर कला में पानी भरने गया था। धन बाई एवं विनीता बाई ने फौदा अहिरवार के नल पर से बर्तन फेंक दिए एवं गालियां देकर अशोक अहिरवार धन बाई अहिरवार, विनीता बाई अहिरवार लाठी डंडे कुल्हाड़ी एवं लात घुसों से मारपीट कर फौदा अहिरवार को शरीर में चोटे पहुंचाई थी, जिसकी रिपोर्ट थाना दीपनाखेड़ा में की गई थी। इस मामले में विनीता बाई फरार चल रही है उसके लिए फैसला सुरक्षित रखा गया है।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मांगों को लेकर गोंगपा ने रैली निकालकर किया चक्काजाम

भेरुन्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु। नगर में स्थानीय आदिवासी गोंड समाज की प्रस्तावित धर्मशाला के पास एकत्रित होकर एक सामूहिक रैली सरकार के विरुद्ध नारे लगाते हुए निकाली। नगर के दुर्गा मंदिर चौराहे पर पहुंचकर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। रैली में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलवीर सिंह तोमर एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष विष्णु प्रसाद धुर्वे एवं अन्य सैकड़ो लोग शामिल रहे। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर लगभग 1 घंटे तक जमकर नारेबाजी के साथ चक्का जाम किया गया। इस दौरान यात्री बसों, स्कूल बसों और भारी वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम एम.एस. रघुवंशी एवं थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर पुलिस अमले के साथ पहुंची। वहां पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के लोगों से एसडीएम द्वारा बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारी 11 सूत्रीय मांगे हैं। जिनमें प्रमुख रूप से आदिवासी गोंड समाज को वन अधिकार द्वारा पटटे दिलाए जाएं और जो गैर समाज के लोगों के कब्जे हैं वह हटवाऐ जाएं और जो प्राइवेट स्कूल कालेज है उनको पूरे बन्द कराए जाए। वहीं गोंड समाज की परंपरा अनुसार मृत्यु उपरांत जलाया नहीं जाता शासन द्वारा हर ग्राम में उनको अंतिम संस्कार के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाए। वहीं पूरे मध्य प्रदेश में आदिवासी महिलाओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं उनको बंद किया जाएं ऐसी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीम ज्ञापन सौंपा गया। इस पर एसडीएम एम.एस.रघुवंशी ने प्रदर्शन करने वालों को आश्वासन दिया कि आप निश्चित रहे 15 दिन के अंदर जो काम मेरे अधिकार क्षेत्र में आता है वह जरूर कराऊंगा। तब जाकर धरना प्रदर्शन चक्का जाम समाप्त किया गया।

विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुगलसराय में हुई आनंद सभा

सिरोंज, देशबन्धु। 15 अगस्त को प्रारंभ हुई मतदाता जागरण साइकिल यात्रा धाम देवपुर के पश्चात विभिन्न ग्रामीण अंचलों का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत मुगलसराय पहुंची। जहां यात्रियों ने ग्रामीणों से जनसंवाद कर नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। साइकिल यात्रियों ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए बारकोड के माध्यम से कैसे अपना नाम जोड़ सकते हैं पूरी गतिविधि से अवगत कराते हुए मतदान का महत्व बताया। पंचायत में जनसंवाद के पश्चात यात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची जहां विद्यार्थियों के बीच आनंद सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान का महत्व एवं मतदाता सूची में नाम सरलता से कैसे जोड़े इन सबके साथ एक विशेष आनंद सभा का आयोजन किया गया जिसमें आनंद विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों से परिचय कराया गया। साथ ही मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल ने विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से बताया कि एक आदर्श और खुशहाल जीवन कैसे जी सकते हैं। आनंद सभा में विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण, तनाव मुक्त रहने के लिए क्षमा करने की शक्ति एवं क्षमा मांगने की शक्ति, कृतज्ञता, स्वीकारता आदि विषय पर विभिन्न उदाहरण के तहत आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। साथ ही इन सबके लिए अल्पविराम कितना महत्वपूर्ण है और अल्पविराम क्या है इसके बारे में भी विस्तार से बताया।

खुशी से खिले चेहरे: कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों से चर्चा की तो छात्र-छात्राओं ने बताया कि आज से पहले हमने कभी इस दिशा में सोचा भी नहीं था कि हम जाने अनजाने में कितनी गलती कर जाते हैं। आज एहसास हुआ है कि हमारा कर्तव्य क्या है और हम समाज के लिए बहुत कुछ दे सकते हैं उसमें सबसे पहली है खुशी। आज जो भी खेल गतिविधियों के माध्यम से हमने सीखा है वह हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों ने अल्पविराम को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल और विदिशा का रहा दबदबा

गंजबासौदा, देशबन्धु। भोपाल संभाग के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने पूरे दमखम से योग की विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर भोपाल संभाग की टीम बनाई है। अब हम ब्लास्टर खिलाड़ी 21 अगस्त से आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जुटेंगे। यह बात शनिवार को स्थानीय सेंट एसआरएस स्कूल में प्रतियोगिता के समापन पर भोपाल से आई जनरल मैनेजर कुसुम शर्मा ने कही। योग की प्रतियोगिता में आरती शर्मा, राजवैधजी, पूनम दत्त भोपाल, कपिल गौड़, विजय शर्मा विदिशा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समापन अवसर पर संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने सभी खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर

बधाई दी। संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में विदिशा और भोपाल जिले के खिलाड़ी हर विधा में हावी रहे। कोच कपिल गौड़ ने बताया कि संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करने के लिए निर्णायक मंडल जुटा हुआ है। लेकिन बालिका एव बालक दोनों वर्ग में विदिशा जिला और भोपाल जिले के खिलाड़ियोंका दबदबा रहा ।

देश भक्त के साथ देव, मातृ और पितृ भक्त भी बनें: सत्यव्रतानंद

कानीखेडी से स्नेह यात्रा का शुभारंभ

गंजबासौदा, देशबन्धु। संतों के सानिध्य में समाज के विभिन्न वर्गों में आत्मीयता का भाव बढ़ाने और सामाजिक समरसता के उद्देश्य को लेकर स्नेह यात्रा का शुभारंभ विकास खंड में शानिवार को कानीखेड़ी से 10 बजे किया गया। यात्रा में विशिष्ट संत स्वामी ऐश्वर्यानंद सरस्वती ने कहा मानव मानव एक है और हम सब साथ रहकर राष्ट्र को आगे बढ़ाते हुए यह संकल्प लें कि घर में परिवार के साथ एवं समाज में सबके साथ भोजन और भजन करेंगे तो समाज में और परिवार में समरसता का भाव आएगा एवं स्नेह बढ़ेगा और हमारा देश एक मजबूत रिश्ते मे जुड जाऐगा। स्नेह यात्रा मे कानीखेडी , भसूडा, सेमरी, पचमा में साध्वी सत्यव्रतानंद सरस्वती ने कहा

समाज में हम साथ रहकर जाति-पाति के भेद को मिटाकर साथ रहें तो हम बढ़ते हुए फिर भारत को विश्व गुरु के स्थान पर स्थापित कर सकते है। विधायक लीना जैन ने बताया स्नेह यात्रा अध्यात्म के प्रभाव के साथ-साथ समाजिक समरसता के लिए अनूठी पहल है। विश्व बंधुत्व के भाव के साथ देश के अलग-अलग स्थानों से पधारे संत-गण प्रदेश के हर जिले में यात्राएं कर रहे है। विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी ने कहा यह स्नेह यात्रा एक थाल-एक ख्याल के रूप में जोड़ने जुडने का प्रयास है । स्नेह यात्रा समाज के समस्त वर्गों के भेदभाव भुलाकर सबको एक करेगी । जिला पंचायत सदस्य गायत्री देवी रघुवंशी के विचार से साधु-संतों के सानिध्य में समाज के विभिन्न वर्गों में आत्मीयता का भाव बढ़ाने और सामाजिक समरसता के उद्देश्य को लेकर स्नेह यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी एवं पूजा श्रीवास्तव ने किया। जबकि आभार वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी ने व्यक्त किया । इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र सिंह रघुवंशी जन अभियान परिषद से ममता राठौर, हार्टफुलनेस से बी आर सी कपिल तिवारी, स्वदेश शर्मा, संतोष शर्मा, गजेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री

श्री अमित शाह जी

का भोपाल में हार्दिक

अभिनंदन

20 साल विश्वास के विकास के

गरीब कल्याण महाअभियान की शुरूआत एवं रिपोर्ट कार्ड विमोचन

20 अगस्त 2023 | पूर्वाह्न 11:00 बजे

मुख्य अतिथि: श्री अमित शाह

कार्यक्रम स्थल : कुशाभाऊ ठाकरे सेंटर, भोपाल, मध्यप्रदेश

गरीब कल्याण महाअभियान

कार्यक्रम से लाइव जुड़ने के लिए QR कोड पर स्कैन कीजिए

D-11084/23

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** * प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

सार-समाचार

प्रेरणा संवाद और ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

केसली, देशबन्धु। शासकीय नवीन महाविद्यालय केसली में स्वतंत्रता दिवस पर प्रेरणा संवाद एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता उच्च शिक्षा एवं मप्र नर्मदा शोध संस्थान प्रो. संतोष मिश्रा ने की। जिसमें महाविद्यालय परिवार, विद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थी, समाजसेवी, शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवार से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया।

नगर में अयोध्या धाम जैसा महोत्सव होगा जनवरी माह में

सागर, देशबन्धु। श्री अयोध्या धाम में भव्य और दिव्य देवालय में भगवान श्री राम 22 जनवरी 2024 को होंगे। इस मौके पर सागर के प्रस्तावित श्री राम मंदिर स्थल पर श्री राम महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन होगा। इस आयोजन में देश के विख्यात संतो का समागम भी होगा। श्री अयोध्या धाम में भगवान श्री राम विराजमान होंगे उस दिन सागर में भी दीप पर्व मनाया जाएगा। 3 एकड़ भूमि पर 121 फुट ऊंचा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य दरबार जहां बनाया जाना है। वहां महा महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का प्रयास महायज्ञ आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप दुबे ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि 27 नवंबर 2023 को भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण दिव्य संतों के सानिध्य में संपन्न होगा। 15 जनवरी को भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा जिसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह आयोजन 15 जनवरी 2024 से 23 जनवरी 2024 तक आयोजित होगा। यह समिति की मां जानकी वाहिनी की अध्यक्ष प्रतिमा रामेश्वर चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सागर शहर सहित संपूर्ण जिला अयोध्या धाम की तरह दीप पर्व मनाए इसके लिए घर-घर दीपावली हर घर दीपावली का नारा इस महायज्ञ का मुख्य आकर्षण रहेगा। इस पुनीत और आध्यात्म के दिव्य और भव्य आयोजन में नगर सहित जिले के राम भक्तों की बही संख्या में उपस्थिति होगी सभी राम भक्तों को इस आयोजन से जोड़ने का प्रयास आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है वेद संगत कर्मकांड के साथ श्री राम नवकुण्डीय महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन भी धर्म प्रांगण में होगा। संरक्षण समिति के सदस्य प्रेमनाथ सोनी ने आयोजन की संपूर्ण तैयारी को भक्तों के बीच आज दोपहर 3 बजे 20 अगस्त दिन रविवार को मां हरसिद्धि देवी धर्म प्रांगण में रखने का निर्णय लिया है सभी राम भक्तों को वृहद बैठक में सादर आमंत्रित किया गया है।

प्रजातंत्र की रक्षा करना, हम देशवासियों का परम धर्म है : सिलाकारी

सागर, देशबन्धु। बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की 1492 वें क्रम तथा ऑनलाईन स्वरूप मे 170 वी संगोष्ठी में मप्र के अतिरिक्त देश के विभिन्न प्रदेशों के कवि कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। संचालन डॉ. नलिन जैन ने किया। संगोष्ठी के अध्यक्ष के.के सिलाकारी, सागर ने कहा कि कुछ ही सप्ताह के बाद, बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच की गौरवशाली उपलब्धि के रूप में 1500 क्रम की संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसे भव्य समारोह के रूप में मनाया जाना चाहिए तथा संस्था के संयोजक मणीकांत चौबे का भव्य सार्वजनिक सम्मान किया जाना चाहिए। आजादी की महत्ता बताते हुए कहा हमारे पूर्वजों ने प्राणों की आहूति देकर हमें, आजादी दिलाई है। हमारा प्रजातंत्र, हमारी जीवन शक्ति है, इस प्रजातंत्र की रक्षा करना, हम देश वासियों का परम धर्म है। साहित्यकारों की इसमें अहम भूमिका है कि उन्हें बिना किसी दबाव के निष्पक्ष अपनी रचना करनी चाहिए। संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज ने संत तुलसीदास पर काव्य पाठ करते हुए कहा जिनमें था, अतुल्य आत्मबल विश्वास, उसके प्रभा मंडल पर प्राकृतिक भव्य प्रकाश। वह युग के पन्नों पर लिखा गया, स्वर्ण अक्षरों में, गोस्वामी तुलसीदास। समय की गर्भ से उपजा एक रहस्य चमत्कार, कोई तब जान नहीं सका, वह व्यक्ति है खास। वह हुआ सार्वजनिक समयानुसार। वक्त ने पहचानाए ये हैं, तुलसीदास। काव्यपाठ हेतु आमंत्रित कविगणो ने काव्य पाठ के द्वारा समाज को सकारात्मक संदेश की ऊर्जा से सराबोर किया। अनेक श्रोता ऑनलाईन उपस्थित रहें। मणीकांत चौबे बेलिहाज ने संगोष्ठी के अध्यक्ष केके सिलाकारी तथा संचालन कर्ता डॉ. नलिन जैन सहित उपस्थित समस्त आमंत्रित कवियित्रयों, कवियों तथा श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के उन्नयन कार्य व बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन

तेंदूपत्ता संग्राहकों का सामग्री वितरण कार्यक्रम संपन्न

मालथौन, देशबन्धु। जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के बांदरी, बरोदियाकलां एवं मालथौन में आयोजित कार्यक्रमों में तेंदूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरित की। मालथौन के रोड़ा में 90 लाख की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोड़ा के उन्नयन एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन किया। उन्होंने मालथौन के बस स्टेण्ड परिसर में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजनांतर्गत तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामग्री का वितरण करते हुए कहा कि पहले जब लोग तेंदूपत्ता तोड़ने जंगलों में जाते थे तो उनके पैरों में छाले पड़ जाते थे, कई बार कांटें भी पैरों में चुभ जाते थे। हमारे भाईयों बहनों को कोई कष्ट न हो इसलिए शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना बनाई। बहनों के लिए चप्पल एवं भाईयों के लिए जूतों का वितरण किया जा रहा है। भाईयों के लिए पानी बाटल एवं बहनों के लिए साड़ी, बारिश से बचने के लिए छाते वितरित किये जा रहे है। बांदरी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एवं मंत्री भूपेन्द्र सिंह को हर वर्ग की चिंता है। वह क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ ही अपने क्षेत्र में रह रहे हर नागरिक की चिंता करते हैं कि कैसे उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिला सकें।

20 से उन्नाव विधायक रहेंगे बीना प्रवास पर, बैठक में विधानसभा की जानकारी लेंगे

बीना, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा द्वारा पूरे मप्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिये हर विधानसभा क्षेत्र में बैठक आयोजित कर रही है। इसी के तहत चार राज्य गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र एवं बिहार से विधायकों का मप्र में आगमन होगा जिससे कि भाजपा की पकड़ मजबूत की जा सके।

शनिवार को विधायक कार्यालय में भाजपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विजय हुरकट ने जानकारी देते बताया कि 20 से 27 अगस्त को उन्नाव उत्तरप्रदेश के विधायक पंकज गुप्ता बीना विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। 27 अगस्त को विधायक गुप्ता द्वारा श्रीनरसिंह मंदिर परिसर में भाजपा की बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें सभी भाजपा पदाधिकारियों से शामिल होने की अपील की है। उन्होनें बताया कि श्री गुप्ता के सात दिन बीना प्रवास के दौरान विधानसभा का दौरा भी किया जायेगा। जहां पर वह भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी विधानसभा क्षेत्रवासियों को देंगे। इसके आधार पर ही बीना विधानसभा क्षेत्र की रिपोर्ट बनाकर आलाकमान को सौंपेंगे। बैठक में शुभम तिवारी, मनोज शर्मा, लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, अमरप्रतापसिंह ठाकुर, नवीनसिंह, प्राणसिंह ठाकुर, सुमेरसिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

4 सौ से अधिक प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के लिए जाएंगे भोपाल

सागर, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा मप्र की नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण 21 अगस्त को दिया जाना है। जिसके परिप्रेक्ष्य में सागर जिले के 493 प्राथमिक शिक्षक 11 बसों के माध्यम से वरिष्ठ शिक्षकों की निगरानी में भोपाल के लिए रवाना होगी। कलेक्टर दीपक आर्य के द्वारा जिले के समस्त 493 प्राथमिक शिक्षकों को भोपाल रवाना करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। कि सभी प्राथमिक शिक्षकों को बस के माध्यम से एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए भोपाल रवाना किया जाए और भोपाल से वापस सागर लाया जावे। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि सागर की स्कूल शिक्षा विभाग के 469 एवं जनजाति विभाग के 24 प्राथमिक शिक्षक कुल 493 शिक्षक भोपाल के लिए रवाना होंगे साथ में 5 जिलों की 1080 प्राथमिक शिक्षक भी सागर से रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि उमरिया, कटनी, डिंडोरी, पन्ना, सिगरोली, सीधी के शिक्षक सागर में विश्राम करने के उपरांत सागर जिले की शिक्षकों के साथ रवाना होंगे। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन के द्वारा पांच अन्य जिलों की प्राथमिक शिक्षकों के रूकने एवं भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है एवं उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए प्राचार्य शिक्षकों की ड्यूटी कलेक्टर दीपक आर्य के द्वारा भी लगाई गई है।

डॉक्टर और बैंककर्मी के सूने मकान में चोरी, मकानों के ताले तोड़ घुसे चोर

सागर, देशबन्धु। मोतीनगर थाना क्षेत्र की गीतांजलि ग्रीनसिटी कॉलोनी में चोरों ने दो सूने मकानों में सेंध लगाई। चोर डॉक्टर और बैंक प्रबंधक के घर से सोने चांदी के जेवरात और नकद रुपए लेकर भागे है। वारदातों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान एफएसएल टीम ने वारदातस्थल से आरोपियों से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार रेलवे अस्पताल में पदस्थ फरियादी डॉ. पवन गुप्ता निवासी गीतांजली ग्रीनसिटी कालोनी ने शिकायत में बताया कि वह किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। वे सुबह पत्नी के साथ घर में ताला लगाकर जिम गए थे। कुछ समय बाद जिम से लौटकर घर आए तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो घर में रखी चार अलमारी के ताले टूटे थे। सामान फैला पड़ा था। अलमारी में रखे 1 लाख रुपएए एमआई वीडियो कैमरा नहीं मिला। इसके अलावा चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी साथ ले गए। वहीं दूसरे मामले में गीताजंलि ग्रीनसिटी कालोनी निवासी फरियादी बैंक शाखा के प्रबंधक सचिन कुमार जैन ने शिकायत में बताया कि वह गुरुवार सुबह बैंक चले गए थे। शिक्षिका पत्नी स्कूल पढ़ाने गई थी। इस दौरान घर में ताला लगा हुआ था। तभी अज्ञात बदमाश मकान सूना होने का फायदा उठाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। घर में रखी अलमारियों के ताले तोड़कर उनमें रखे सोने के चार लॉकिट, चार सोने की अंगुठियां, एक सोने का ब्रेस्टेल, सोने की नथ, तीन जोड़ी कान की बालियां, चांदी की चार जोड़ी पायल, एक चूड़ी, एक चांदी की अंगूठी और नकद 10 हजार रुपए लेकर भाग गए। आरोपी परिवार के आधार कार्डए पेन कार्ड भी चोरी कर ले गए है। घटनाक्रम सामने आते ही पुलिस को सूचना दी। दोनों की वारदातों में मोतीनगर थाना पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। वारदातस्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के पुलिस फुटेज खंगाल रही है।

लाड़ली बहना सेना के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

सागर, देशबन्धु। मप्र शासन की लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों में से चयनित लाड़ली बहना सेना समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी इस हेतु उन्हे विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रक्रिया से प्रशिक्षित करने की दिशा में जिले के सभी जनपद व नगरीय निकायों के मास्टर ट्रेनर का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सागर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशिक्षण मे महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त सेक्टर पर्यवेक्षकों के साथ साथ सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं प्रत्येक जनपद पंचायत व नगरीय निकाय से एक एक मास्टर ट्रेनर को संचालनालय से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर हिबा खान एवं प्रभा चतुर्वेदी द्वारा महिला सशक्तिकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास की योजनाओं के साथ साथ स्वास्थ्य व एनआरएलएम से जुड़ी योजनाओं का प्रशिक्षण संबंधित विभागों के स्त्रोत परसन के सहयोग से दिया गया इस प्रशिक्षण में सबसे महत्वपूर्ण जानकारी साईबर क्राईम व महिलाओं बेटियों के प्रति अपराध के रोकथाम से संबंधित मास्टर ट्रेनर ज्योति तिवारी, उपनिरीक्षक महिला सेल द्वारा दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में आगामी 21 से 26 अगस्त तक प्रत्येक सेक्टर मुख्यालय पर आयोजित होने वाले ग्राम वार्ड स्तर के लाड़ली बहना सेना प्रशिक्षण का रोस्टर तैयार करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी द्वारा मार्गदर्शन देते हुये निर्देशित किया गया कि सेक्टर स्तर के प्रशिक्षणों में लाड़ली बहना सेना के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करते हुये स्थानीय स्तर पर लाड़ली बहना सेना के सभी सदस्यों को विधिवत प्रशिक्षित किया जाये। लाड़ली बहना सेना के प्रशिक्षण में फीडबैक के लिए विजय जैन, परियोजना अधिकारी सागर व अरूण सिंह परियोजना अधिकारी जैसीनगर द्वारा प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

प्रोफेसर का प्रधानमंत्री को पत्र

सागर, देशबन्धु। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को दोयम दर्जे का बताने व इसे सुधारने के लिए सुझाव देने वाले मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर ने अब राजस्व विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की शिकायत पीएमओ से की है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नाम से पत्र लिखते हुए जमीन खरीदने से लेकर मकान बनाने तक मांगे जाने वाली रिश्वत की जानकारी दी है। कहा कि रजिस्ट्री कराने गए तो मिला रिश्वत का ब्यौरा। नक्शा पास कराने गए तो 1.10 लाख मांगे जा रहे हैं। यह पत्र स्वतंत्रता दिवस पर लिखा गया है।महोदय, मेरे स्व. पिता का सपना था कि सागर शहर में मेरा अपना एक भूखंड हो, जिस पर मैं अपनी वेतन और नियम अनुसार की गई प्राइवेट प्रैक्टिस से एक मकान बनवा सकूं, जो मेरे शासकीय सेवा से निवृत्त होने पर मेरा आसरा बने। इसके लिए मैंने एक भूखंड खरीदा लेकिन इतनी सारी फीस और उसके बाद रिश्वत देने से मेरा सारा उत्साह और देशभक्ति काफूर हो गई। महोदय रजिस्ट्री करवाने गए तो स्टांप और फीस के अलावा एक ऑफिस खर्चा नाम से हस्तलिखित पर्ची मिल गई। इस पर दी जाने वाली रिश्वत का ब्यौरा था। यहां से फ्री होने पर नामांतरण के दो बार 10-10 हजार देने पड़े। तत्पश्चात डायवर्सन में करीबन 100000 रुपए लगे। इसमें से 50000 रुपए रेडक्रास सोसायटी की रसीद के नाम पर लिए गए। अब नक्शा पास कराने में 1 लाख 10000 की रिश्वत मांगी जा रही है। 55000 की रसीद मिलेगी। वह अलग से देने होंगे। महोदय यह सब पिछले दो-तीन वर्ष के दौरान हुआ। मेरी समझ यह कहती है कि इस प्रकरण में दोषी है हमारी व्यवस्थाएं क्योंकि यह सारे कार्य आज कंप्यूटर के दौर में सिंगल विंडो पर होने चाहिए ताकि भ्रष्टाचार कम हो और आम आदमी को जो भी देना है वह एक ही जगह पर एक बार में लिया जाए। महोदय आरोपों के बाद आप आरोपों के सबूत मांगे जाएंगे लेकिन क्या यह सबूत नहीं कि उक्त कथन में वर्णित सरकारी कर्मचारी अधिकारियों की व्यक्तिगत संपत्ति आपसे ज्यादा होगी। अपनी आय से ज्यादा है। पत्र में अंत में सर्वेश जैन ने लिखा है कि महोदय आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से कोई उम्मीद करना बेकार है क्योंकि वे आम आदमी को परेशान करने में ज्यादा रुचि लेते हैं। इस स्वतंत्रता दिवस पर आपको सच्चाई से अवगत कराने को ही सच्ची देशभक्ति मानता हूं।

स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

केसली, देशबन्धु। शासकीय महाविद्यालय केसली में प्रो. संतोष मिश्रा प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन, रंगोली, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स्लोगन प्रतियोगिता में लखन साहू प्रथम, शिवानी सेन द्वितीय, रुक्मणी लोधी ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। रंगोली प्रतियोगिता में शेफाली सोनी प्रथम स्थान, महेंद्र गौंड द्वितीय स्थान, शेफाली गौंड ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। भाषण प्रतियोगिता में शत प्रतिशत मतदान हमारी जिम्मेदारी विषय पर छात्र छात्राओं ने अपने विचार रखें जिसमें ऋषभ गौंड प्रथम, सत्यवती सौर द्वितीय, पुष्पांजलि दांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में महेंद्र गौंड प्रथम, वैशाली सोनी द्वितीय, गोलू पटेल तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना दुबे, चुनाव पाठशाला प्रभारी डॉ. साधना अवस्थी ने संचालन किया। मतदाता जागरूकता मंच प्रभारी डॉ. संजय सिंह बैस द्वारा आभार व्यक्त किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. आभा जैन, डॉ. किरण ठाकुर, डॉ. रेखा तिवारी, डॉ. रमेश अहिरवार रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

2 दिवसीय नि:शुल्क परामर्श व निदान शिविर का समापन

राहतगढ़, देशबन्धु। पारस भवन गंज के जैन मंदिर में विराजमान आर्यिका अनंतमति माताजी के ससंघ सानिध्य मे श्री दिगंबर जैन संरक्षिणी सभा द्वारा संचालित पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र जबलपुर द्वारा दो दिवसीय नि:शुल्क परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। पूर्णायु में सेवाएं प्रदान कर रही प्रतिभास्थली की ब्रह्मचारिणी संगीता दीदी, ब्रह्मचारिणी रश्मि दीदी, ब्रह्मचारिणी सृजला दीदी ने स्वर्ण प्राशन संस्कार एवं पुरुष चिकित्सकों ने पुरुष वर्ग के लिए नि:शुल्क परामर्श एवं निदान किया गया। शिविर के माध्यम से सकल जैन समाज एवं अन्य वर्गो के लोगों ने अपनी समस्या का निदान पाया। आयुर्वेदिक तरीके से परामर्श एवं उपचार प्राप्त करके ब्रह्मचारिणी बहनों ने लोगों को खानपान सुधारने एवं आयुर्वेद के माध्यम से स्थाई उपचार पर जोर दिया।

नाना के साथ भैंस तलाशने गए युवक की करंट से मौत

रहली, देशबन्धु। रहली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिनोती के पास खेत में करंट की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक अपने नाना के साथ भैंस ढूंढने के लिए गया था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार छिरारी निवासी अभिषेक पटेल उम्र 17 साल की शुक्रवार को भैंस खो गई थी। भैंस घर लौटकर नहीं आई तो वह अपने नाना के साथ भैंस को ढूंढने के लिए निकला। इसी दौरान वह एक खेत में फैले बिजली तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। रहली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। रहली एसडीओपी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि भैंस तलाशने के लिए गए अभिषेक नाम के युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। मृतक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इस संबंध में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

बीना, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र बीना में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर लगाए गए विशेष कैंप में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु ऑनलाइन तथा ऑफलाइन आवेदन पत्रों की समीक्षा की गई साथ ही मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। मतदान केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियों के प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच भी की गई। एसडीएम द्वारा शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्रों के अंतर्गत ग्राम हिरनछिपा, ढुरूआ, कोंरजा, रामपुर एवं बारधा का दौरा किया गया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान हेतु संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली।

स्वीप प्लान के तहत 'आदर्श मतदान केंद्र' विषय पर आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

बीना, देशबन्धु। शास. कन्या महाविद्यालय में मतदाता स्वीप प्लान के अंतर्गत आदर्श मतदान केंद्र विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने का चित्रकला भी एक माध्यम है। आप विषय के अनुसार बोलता हुआ चित्र बनाकर संदेश दीजिए। नोडल अधिकारी डॉ. उमा लवानिया ने कहा कि एक आदर्श मतदान केंद्र सुव्यवस्थित होता है। जिसमें मतदाताओं की सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाता है। प्रभारी

डॉ. निशा जैन ने कहा कि चित्र मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए एक सशक्त माध्यम है। दीपमाला सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमारा प्रत्येक प्रयास मतदाताओं में जागरूकता लाने का होना चाहिए। चित्रकला में छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से आदर्श मतदान केंद्र बनाकर मतदाताओं को मतदान केंद्र की सुविधाओं के बारे में बताया। जिसमें मुस्कान कुशवाहा ने पहला, राधिका घोषी ने दूसरा और रानी विश्वकर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।